संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 06 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 93 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## नवरात्रि के नवमी दिन माता महागौरी की उपासना की जाती है



नवरात्र की अष्टमी और नवमी तिथि को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। नवरात्र के आठवें दिन माता महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं नौवां दिन मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप के लिए समर्पित है। साथ ही इन दोनों ही तिथियों पर कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है।




# भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रमों को लेकर संयोजकों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र जिला भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजीन्द्र गोल्डी ने एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें कुरुक्षेत्र जिला के संयोजक सतपाल मास्टर , सह-संयोजक विक्रम शर्मा, दीपक व अर्जुन त्यागी सहीत सभी 16 मंडल के कार्यक्रम संयोजकों एवं सह-संयोजकों को आमंत्रित किया गया। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक में, जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र गोल्डी ने स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की और प्रत्येक मंडल के संयोजकों से अपेक्षाएँ साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल भाजपा के इतिहास को याद करने का अवसर है, बल्कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का भी एक सशक्त माध्यम है। वत्स ने आगे कहा कि जिलाध्यक्ष गोल्डी ने सभी मंडल संयोजकों को निर्देश दिया कि वे कार्यक्रमों को भव्य और सफल बनाने के लिए पूरी लगन से कार्य करें और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हों। इस बैठक में पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने बैठक में विचार-विमर्श किया और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। शैलेश वत्स ने बताया कि इस बैठक के बाद, सभी संयोजक और सह-संयोजक उत्साहित और प्रेरित हैं, और

**तैयारी**

**8 पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का भी एक सशक्त माध्यम है**

स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों की सफलतापूर्वक योजना बनाने के लिए तैयार हैं।इस बैठक में अरुण सैनी,गुरुदत्त शर्मा,जगदीप सैनी,रिन्कू कश्यप,राजेन्द्र खरिंदवा,तिलक राज,अचिन औजला,नसीब सिंह,वेद प्रकाश,निकेश लाम्बा,चरण अजीब सिंह,गुलशन शर्मा,संजय थाना,वीरेंद्र शर्मा,सुखदेव शर्मा, तेज सिंह राणा सहीत अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# ऑलंपियाड़ में जी.वी.एम स्कूल के 2-बच्चों ने हिस्सा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 5 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )** बापौली में खंड स्तरीय योगा ओलिंपियाड का आयोजन किया ।इस ऑलंपियाड़ में जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल के 2-बच्चों ने हिस्सा लिया।इस प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा सातवीं के छात्र हार्दिक शर्मा ने ग्रुप 14 में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल में पहुंचने पर हार्दिक शर्मा का स्वागत किया गया और स्कूल पहुंचने पर सम्मानित किया गया ।स्कूल के चेयरमैन राधे श्याम जांगडा ने छात्र को बधाई देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और स्कूल में सभी छात्रो को प्रेरणा लेनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए योगा सभी को करना चाहिए योगा से शरीर स्वस्थ रहता है । हार्दिक शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रय अपने कोच व स्कूल प्रबन्धान को दिया इस अवसर पर वहाँ सोनिया सेतिया, सीमा सैनी, रविन्द्र कुमार व राखी इत्यादि मौजूद रहे।

# कार शीशा तोड़कर पासपोर्ट व नकदी चोरी करने का आरोप, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**सोनीपत**
**मुरथल** थाना क्षेत्र में स्थित ढाबा के पास खड़ी कार का शीशा तोड़कर पासपोर्ट व विदेशी मुद्रा के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जालंधर पंजाब निवासी मंदीप ने बताया कि वह अपनी कार में अपनी चाची को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ने के लिए जा रहा था। वह खाना खाने के लिए ढाबे पर रुक गया। ढाबे से खाना खाकर गाड़ी की जांच की तो ड्राइवर साइड का छोटा शीशा टूटा हुआ था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनय पुत्र राज कुमार पताः बीबी–124/1, बेगरियां बस्ती नवी करीम पहाड़ गंज दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 618/15 धारा 279/338 भा.द.स. के तहत** थानाः मोती नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 618/15 धारा 279/338 भा.द.स. के तहत थानाः मोती नगर, दिल्ली के उक्त विनय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुकृति सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04**
**(पश्चिम) कमरा नं.268,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
DP/3755/WD/2025


# दिव्यांग लड़की का ऑटो में सवार युवकों ने कर लिया था अपहरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल थाना क्षेत्र में दिव्यांग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद पुलिस की टीमों ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने लड़की को सकुशल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित सावन, दीपक व गौरव निवासी गांव मुरथल के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी मिली है कि एक दिव्यांग लड़की ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह व मुरथल फ्लाई ओवर के नीचे बैठी हुई थी। उसी दौरान ऑटो सवार तीन युवक आए। उसे जबरदस्ती ऑटो में बैठा लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। उसी दौरान दो लड़कों ने बाइक को ऑटो के पीछे लगा लिया। ऑटो सवार युवक उसे गांव नांगल की तरफ रजवाहा पर छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुरथल व एसएजी यूनिट ने लड़की को सकुशल बरामद कर लिया।

**बरामद किया**

**8 पुलिस की टीमों ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने लड़की को सकुशल बरामद किया**

# कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने समर्थक विनोद को वैष्णो देवी के लिए किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/संजीव कौशिक।।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अपने समर्थक विनोद शर्मा को साइकिल से माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए रवाना किया। विनोद शर्मा ने विधानसभा चुनाव में डॉ अरविंद शर्मा की जीत की मन्नत मांगी थी और उसके पूरा होने पर कटरा माता वैष्णो देवी तक साइकिल पर जाने का ऐलान किया था।

बीती देर शाम सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा महावीर चौक पहुंचे तथा शिव गंगा सेवा समिति द्वारा आयोजित माँ भगवती के पावन नवरात्रों में माता की चौकी पर पूजा-अर्चना की। उन्होंने इलाकेवासियों के सुख-समृद्धि की




मंगलकामना की। इसके बाद सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा ने वार्ड 8, सन्त नगर निवासी विनोद शर्मा पुत्र गोकुल चन्द को माता वैष्णो देवी तक साइकिल पर जाने के लिए रवाना किया व शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि विनोद शर्मा ने बीते विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ अरविंद शर्मा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए ऐलान किया था कि डॉ अरविंद शर्मा की जीत होने के बाद वो साइकिल पर माता वैष्णो देवी तक जाएंगे। शुक्रवार देर शाम कैबिनेट मंत्री ने अपने समर्थक को भक्ति-भावना के साथ रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बलराम कौशिक, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, वार्ड 11 पार्षद अंजू लाकड़ा, सुमित कक्कड़, कुलदीप कौशिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

**मां के दर पर**

**8 विनोद शर्मा ने विधानसभा चुनाव में मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की जीत की मन्नत मांगी थी**


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विमल @ हनी, पुत्र सुनील कुमार, निवासी मकान नंबर सी–76, गली नंबर 6, अंकुर एन्क्लेव, करावल नगर, दिल्ली ने FIR No. 397/16, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विमल @ हनी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **विमल @ हनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रह है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **विमल @ हनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पंवार**
**एल.डी. एमएम–05 (उत्तर)**
**कमरा नंबर 114, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/4248/ON/2025**


# काम की तलाश में आया युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः दिल्ली-अंबाला** रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास रेलमार्ग पर संदिग्ध हालत में युवक ट्रेन की चपेट में आया गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी मिली कि युवक काम की तलाश में आया हुआ था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस में तैनात सुनील ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि स्टेशन के पास हिंदू कॉलेज के नजदीक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। टीम मौके पर पहुंची। जहां ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान के प्रयास किए। मृतक की पहचान परवेज (31) निवासी सहारनपुर के रूप में हुई। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाते हुए शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**चपेट में आया**

**8 जानकारी मिली कि युवक काम की तलाश में आया हुआ था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है**

# स्टेशन परिसर से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः राजलुगढ़ी** रेलवे स्टेशन परिसर से युवक की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। युवक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव भोगीपुर राजलु निवासी शमसेर ने बताया कि वह अपनी बाइक लेकर स्टेशन पर पहुंचा। जहां बाइक को स्टेशन परिसर मं खड़ी करे ट्रेन में किसी काम के लिए बाहर चला गया।

# मुहिम को ध्यान में रखते हुए 232 प्रभु को अपना घर आश्रम भेजा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर द्वारा चलाई जा रही मुहिम को ध्यान में रखते हुए 232 प्रभु को अपना घर आश्रम भेजा गया। 228 वी महिला राई से भेजी गई। 229 वी बेसहारा महिला बहालगढ से 230 वी बेसहारा महिला सिविल लाइन सोनीपत से 231 और 232 वी बेसहारा महिला गाव तिहाड से आज देर शाम को रक्षक सेना के सदस्य राकेश और मनोज को एक बेसहारा महिला (मंदबुद्धि) गाँव तिहाड़ खुर्द के



पास मिली,तुरन्त 112 पर कॉल की गयी। थाना सदर एसएचओङ्क से बात करके थाने से महिला आईङ्कओङ्ककानसटेबल पूजा सदर थाने से पुलिसकर्मी सिविल हॉस्पिटल से एंबुलेंस आई महिला का मेडिकल कराया और उन सभी के सहयोग से रात को करीब 10 बजे वन-स्टॉप-सेंटर मे भेजा गया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **सुनील, पुत्रः ओमी शंकर, निवासीः मकान नं. डी–91 बी, गली नंबर–2, पश्चिमी ज्योति नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 680/2014 U/S 324/341/509/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना ज्योति नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है किया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **सुनील** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 680/2014 U/S 324/341/509/34 IPC, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के आरोपी उक्त **सुनील** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **09.05.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार राहुल सैनी,**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/4222/NE/2025**
**(अदालती मामला)**


# 'फलों से हमें ऐसे पोषक तत्व मिलते हैं जो हमारी पाचन क्रिया को ठीक रखते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः गीता** सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौरासी रोड समालखा में अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और अच्छा स्वास्थ्य करने के प्रति जागरूकता के लिए मनाए जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस को ध्यान में रखते हुए यह दिन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसे कक्षा प्री नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने हेल्दी फ्रूट डे थीम के माध्यम से मनाया क्योंकि फलों से हमें ऐसे पोषक तत्व मिलते हैं जो




हमारी पाचन क्रिया को ठीक रखकर हमें स्वस्थ रखते हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने सभी बच्चों को सेब, संतरा, पपीता, केला आदि फलों के फायदे बताकर सभी को इन फलों को अपने आहार का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया तथा सेहतमंद होने का आशीर्वाद दिया । वहीं प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों को बीमारियों से बचने के उपायों के बारे में बताया और कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जल्दी सोना, जल्दी उठना तथा संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

### नवरात्रि के नवमी दिन माता महागौरी की उपासना की जाती है



नवरात्र की अष्टमी और नवमी तिथि को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। नवरात्र के आठवें दिन माता महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं नौवां दिन मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप के लिए समर्पित है। साथ ही इन दोनों ही तिथियों पर कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 19 अंक: 93 पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मोदी को मिला श्रीलंका का सर्वोच्च सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलंबो।** 2019 के बाद पहली बार तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम मोदी को सर्वोच्च गैर-नागरिक सम्मान श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानित किया। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।पीएम मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति, सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद किया।

**क्या है श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान**



श्रीलंका मित्र विभूषण वहां का सर्वोच्च गैर-नागरिक सम्मान है। यह सम्मान विदेशी हस्तियों को दिया जाता है। श्रीलंका की सरकार इन पुरस्कारों को उन राष्ट्राध्यक्षों को देती है, जिनके श्रीलंका के साथ संबंध दोस्ताना होते हैं। पुरस्कार में एक रजत पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। पदक को श्रीलंका के नवरत्नों से सजाया जाता है। इसमें चंद्रमा, सूर्य, पृथ्वी और कमल की पंखुड़िया बनी हैं। मेडल पर पुन कलसा बना होता है। यह चावल से भरा एक बर्तन होता है। इसे समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। पदक पर बने सूर्य और चंद्रमा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों की शाश्वत प्रकृति को दर्शाते हैं। साल 2008 में श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने इस सम्मान की शुरूआत की थी।

**श्रीलंका के साथ हुआ रक्षा सहयोग समझौता**

शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच सात समझौते हुए। भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा साझेदारी समझौते पर सहमति बनी।दोनों नेताओं ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीलंका मित्र विभूष सम्मान के मेडल में क्या है

**श्रीलंका** मित्र विभूषण सम्मान में एक चांदी का मेडल होता है, जिसमें बना धर्म चक्र बौद्ध विरासत का प्रतीक है। इस बौद्ध विरासत ने भारत और श्रीलंका की सांस्कृतिक परंपराओं को आकार दिया है। मेडल में बना पुन कलश (एक औपचारिक बर्तन) समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक है। मेडल में बने नवरत्न दोनों देशों के बीच अमूल्य और स्थायी दोस्ती का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूर्य और चंद्रमा प्राचीन अतीत से अनंत भविष्य तक फैले बंधन को दशार्ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मानित होने के बाद कहा कि 'श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके द्वारा श्रीलंका मित्र विभूषण पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान की बात है।

# जमानत याचिका में आपराधिक इतिहास छिपाना धोखा: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने लोगों द्वारा जमानत याचिका या जबरन कार्रवाई से सरंक्षण मांगते वक्त अपना आपराधिक इतिहास छिपाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में धोखा दिया गया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा, एक बढ़ती प्रवृत्ति देखने को मिली है जिसमें इस अदालत से जमानत या गिरफ्तारी से सुरक्षा की रियायत मांगे जाने के दौरान विशेष अनुमति याचिकाओं में लोग अपने अन्य आपराधिक



मामलों से जुड़े होने की जानकारी नहीं देते। "नतीजा यह है कि देश की सबसे बड़ी अदालत होने के चलते इसे धोखा दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में उदारता दिखाई है, लेकिन हमें लगता है कि अब वक्त आ गया है।

# 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को दंतेवाड़ा में आयोजित राज्य सरकार के 'बस्तर पंडुम' उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नक्सली छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के विकास को रोक नहीं पाएंगे। शाह ने नक्सलियों से हथियार डालने का भी आग्रह किया। अमित शाह ने कहा कि जब वे मारे जाते हैं, तो कोई भी खुश नहीं होता। शाह ने दोहराया कि सरकार मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जो लोग आत्मसमर्पण करेंगे, वे मुख्यधारा का हिस्सा बन जाएंगे, जबकि बाकी को सुरक्षा बल जवाब देंगे।

**शाह बोले- नक्सली के मारे जाने पर कोई खुश नहीं होता**

उन्होंने कहा, 'बस्तर में जब गोलियां चलती थीं और बम फटते थे, वे दिन अब खत्म हो गए हैं। मैं नक्सली भाइयों से आग्रह करता हूं कि वे हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों। आप हमारे अपने हैं। जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। बस अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। आप हथियार उठाकर अपने आदिवासी भाइयों और बहनों के विकास को नहीं रोक सकते।' शाह ने कहा कि विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनने वाले आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को केंद्र और राज्य सरकारों से पूरी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा, 'इस क्षेत्र को विकास की जरूरत है।

### 86 नक्सलियों ने हथियार डाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबाद:** गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच, तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के कुल 86 सदस्य शनिवार को तेलंगाना के भद्रादी कोठागुडेम जिले में हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। चार एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) सहित 86 माओवादियों ने नक्सलवाद के हिंसक रास्ते को छोड़ने का फैसला किया है।

# मणिपुर में शांति बहाली की कोशिश में जुटा केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मणिपुर में शांति की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ केंद्र सरकार ने बैठक की है। बैठक का उद्देश्य दोनों समुदायों के बीच चल रहे संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजना है। बैठक का फोकस मैतेई और कुकी के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाना और मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति को बहाल करने के लिए रोडमैप तैयार करना है। बैठक में सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और दोनों समुदायों के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर अधिक जोर दिया।

**बैठक में कौन-कौन था शामिल**

मीटिंग में ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन (एएमयूसीओ) और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन (एफओसीएस) के प्रतिनिधियों समेत 6 सदस्यीय मैतेई प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

### बैठकों का दौर

**8 मैतेई और कुकी समुदाय के साथ की अहम बैठक, हजारों लोग विस्थापन का सामना भी कर चुके**

कुकी प्रतिनिधिमंडल में 9 लोग शामिल थे। केंद्र सरकार के वातार्कारों में खुफिया ब्यूरो के सेवानिवृत्त विशेष निदेशक एके मिश्रा भी मौजूद रहे। लोकसभा में मणिपुर पर बहस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि गृह मंत्रालय ने पिछले दिनों मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों के विभिन्न संगठनों के साथ अलग-अलग बैठकें की गईं। तब उन्होंने कहा था कि गृह मंत्रालय जल्द ही एक संयुक्त बैठक बुलाएगा। अमित शाह ने कहा कि सरकार हिंसा को समाप्त करने का रास्ता तलाशने में जुटी है।











# दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू

## गरीबों और बुजुर्गों को मिलेगा फ्री इलाज, लाभार्थियों का पंजीकरण और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू हो जाएगा

**प्रावधान**

**8 पीएमजेएवाई के तहत गरीब परिवारों के लिए 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली में आयुष्मान भारत** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिए शनिवार दोपहर 3.30 बजे केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और दिल्ली सरकार की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के बीच समझौता हुआ। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे।

**कब से बनेगा आयुष्मान कार्ड?**
इसके साथ ही दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू हो जाएगी। इसके साथ ही लाभार्थियों का पंजीकरण और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही निजी अस्पतालों का पंजीकरण भी शुरू हो जाएगा। लेकिन अभी तक निजी अस्पतालों को इस योजना के तहत पंजीकरण कराने के निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। पीएमजेएवाई के तहत गरीब परिवारों के लिए 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान है। इस तरह केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर मरीजों के इलाज का खर्च उठाती हैं। दिल्ली में साढ़े छह लाख परिवारों को केंद्र सरकार की ओर से मुफ्त इलाज के लिए इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी इसका लाभ मिलेगा इसलिए बुजुर्गों को बड़ी राहत मिलेगी। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद लाभार्थी आयुष्मान भारत ऐप और वेब पोर्टल के जरिए अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

**2,144 करोड़ रुपये आवंटित**
उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया था। अपने चुनावी घोषणापत्र में पार्टी ने घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आई तो इस योजना को लागू करेगी और दिल्ली सरकार 5 लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराएगी। दिल्ली सरकार ने इस योजना के लिए 2,144 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। दिल्लीवासियों को 10 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा। इसमें से 7 लाख रुपये का खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। बैठक में मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज सिंह और कपिल मिश्रा मौजूद थे।





### पहले चरण में ढाई लाख लोगों को मिलेगा कार्ड, 1961 तरह की बीमारियों का होगा मुफ्त इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को दिल्ली में लागू करने के लिए शनिवार को केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और दिल्ली सरकार के राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे।

**6.54 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ**
केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एमओयू सिर्फ एक समझौता नहीं है बल्कि संकल्प है कि दिल्ली के लोगों को गुणवत्ता पूर्ण इलाज उपलब्ध कराना है। देश में 34 राज्यों में यह योजना लागू थी लेकिन दिल्ली में एक ऐसी सरकार थी जिन्हें दिल्ली के गरीब परिवारों के मरीजों का ख्याल नहीं था। अब यह योजना लागू होने से दिल्ली में 6.54 हजार परिवारों को लाभ मिलेगा। साथ ही दिल्ली के 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को बुढ़ापे की लाठी मिली है। अब उन्हें इलाज के लिए किसी और सहारे की जरूरत नहीं है। यदि यह योजना वर्ष 2018 में लागू हुई होती तो यहां के लोगों का इतने वर्षों में इलाज का बहुत खर्च बच चुका होता।

**पांच लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा: पंकज कुमार सिंह**
दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली को आयुष्मान भारत पीएजेएवाई योजना का इंतजार कई वर्षों से था। दिल्ली में इस योजना को लागू करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख और दिल्ली सरकार पांच लाख का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराएगी। इस तरह लाभार्थियों को दस लाख तक का निशुल्क इलाज मिलेगा। अस्पतालों को इंपैनल करने की प्रक्रिया को आसान बना रहे हैं।

**पहले चरण में ढाई लाख परिवारों को जारी होगा आयुष्मान कार्ड**
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों तक लंबित यह योजना दिल्ली की लाइफ लाइन बन सकती थी। पिछली सरकार ने साजिश के तहत इसे लागू नहीं होने दिया। केंद्र सरकार और राज्य सरकार एक साथ एक दिशा में काम न करें तो जनता कैसे पिसती है इसका उदाहरण दिल्ली की जनता है। सरकारी अस्पतालों में एक बेड पर दो मरीज रहने को मजबूर होते थे। अब दिल्ली के लोग अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 1961 तरह की बीमारियों के इलाज का पैकेज है। इस योजना से देश भर में 30,957 अस्पताल पंजीकृत हैं। देश भर में आयुष्मान भारत योजना से पंजीकृत किसी भी शहर के अस्पताल में जाकर अपना इलाज करा सकेंगे। पहले चरण में 2.35 लाख परिवारों को कार्ड जारी होगा। दस अप्रैल से कार्ड बनना शुरू होगा।

**यह हेल्थ एश्योरेंस योजना नहीं हेल्थ एश्योरेंस योजना है: नड्डा**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि जिस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ-नौ वर्ष पहले देखा था वह आज पूरा होगा। यह इंश्योरेंस योजना नहीं है यह हेल्थ एश्योरेंस योजना है। सामाजिक आर्थिक जनगणना के आधार पर गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ दिया गया। प्रधानमंत्री आयुष्मान वय वंदना योजना लागू हुआ। अंतरराष्ट्रीय मेडिकल कालेज लांसेट में शोध पत्र प्रकाशित हुआ है जिसमें कहा गया है कि भारत में यह योजना लागू होने के बाद कैंसर मरीजों को इलाज जल्दी मिल पा रहा है। 90 प्रतिशत मरीजों को एक माह के भीतर इलाज शुरू हो पा रहा है। केजरीवाल सरकार कह् करती थी कि केंद्र सरकार मदद नहीं कर रही है। जबकि केंद्र सरकार वर्ष 2018 से कह रही थी कि केजरीवाल जाग जा जाग जा, केजरीवाल के अहम ने वंचित रखा। उन्होंने कहा कि सही जगह बटन दबता है जो आयुष्मान भारत योजना निकलती है और जगह ईवीएम का बटन दबती है को शराब निकलता है।

# अलग रह रहे पति के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग

**उल्लंघन**

**8 पति ने अपने बच्चों से मिलने के लिए मुलाकात के अधिकार का लाभ उठाने की शर्तों का उल्लंघन किया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला की उस याचिका को 50 हजार रुपये जुर्माने के साथ खारिज कर दिया है, जिसमें उसने अलग रह रहे अपने पति के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की मांग की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पति ने अपने बच्चों से मिलने के लिए मुलाकात के अधिकार का लाभ उठाने की शर्तों का उल्लंघन किया है।

**अवमानना याचिका में कोई दम नहीं:** जस्टिस नवीन चावला और रेणु भटनागर की पीठ ने कहा कि अवमानना याचिका में कोई दम नहीं है और कहा कि महिला और उसके साथ आए अन्य लोग पति को भड़का रहे हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि 50,000 रुपये में से महिला 25,000 रुपये अपने पति को देगी और बाकी 25,000 रुपये चार सप्ताह के भीतर दिल्ली उच्च न्यायालय अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा कराएगी। महिला ने याचिका में दावा किया कि जब उसका पति उससे मिलने आया तो उसने जानबूझकर उसे, उसके परिवार के सदस्यों और उसके नियोक्ताओं को परेशान किया। महिला ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में निर्देश दिया था कि पति अपने माता-पिता या किसी और के साथ न आए और बच्चों से मिलने की तस्वीरें या वीडियो न बनाए। लेकिन पति ने बिना अनुमति के वीडियो बनाना और तस्वीरें लेना शुरू कर दिया। नवंबर 2023 में हाईकोर्ट ने कहा था कि पति अपने माता-पिता के साथ दिवाली के मौके पर महिला के ऑफिस में उसके बच्चों से मिलने का हकदार है।

## एनडीएमसी के शिविर में मिलीं 65 जन शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने क्षेत्रीय लोगों और सेवाओं के उपयोगकताओं के लिए शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन किया। इसमें लोगों से जुड़ी जानकारियां, सुविधा, सूचना और शिकायतों का समाधान एक ही जगह पर उपलब्ध किया गया। एनडीएमसी के अधिकारियों को शिविर में जनता से 65 शिकायतें प्राप्त हुईं। नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित थीं।

## उम्र पूरी कर चुके वाहनों का बीमा निरस्त जरूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा स्थित मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने पुराने वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित परिवार के लिए 72.98 लाख रुपये मुआवजा राशि तय की है और स्पष्ट किया है कि यदि ऐसे वाहन का पंजीकरण व बीमा कागजात निरस्त नहीं किया जाता है तो बीमा कंपनी स्वयं भुगतान करेगी। इस मामले में बीमा कंपनी ने मुआवजा देने से बचने के लिए वाहन की आयु को आधार बनाया था। न्यायाधिकरण ने कहा कि एनजीटी के आदेश के बाद पुराने वाहन को सड़क पर लाने वाले व्यक्ति को अवमानना का उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।

शाहदरा के छज्जुपुर में रहने वाले कारोबारी अनिल कुमार का 28 फरवरी 2018 को गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद थाना क्षेत्र के तुलसी निकेतन पुलिस चौकी अंतर्गत सिकंदरपुर कट पर सड़क हादसा हुआ था। रिकॉर्ड के मुताबिक, वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर साहिबाबाद डीएलएफ से शालीमार गार्डन जा रहे थे। सिकंदरपुर कट पर यू-टर्न लेते समय हरियाणा नंबर प्लेट वाले ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसमें अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए।

एक मार्च 2018 को जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अनिल की छज्जुपुर में क्रॉकरी की दुकान थी। इस हादसे के मामले में साहिबाबाद थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी।

मृतक की पत्नी अंजना कुमारी ने दो बेटों व सास ओमवती के साथ मिलकर मई 2018 में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में मुआवजे के लिए केस दायर किया था। इसमें ट्रक मालिक श्याम सिंह, चालक मोहित कुमार व ट्रक का बीमा करने वाली नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को प्रतिवादी बनाया गया था। ट्रक मालिक व चालक ने पहले दलील दी थी कि उन्हें झूठा फंसाया जा रहा है। हादसा उनके ट्रक से नहीं हुआ। लेकिन जिरह के दौरान चालक ने ट्रिब्यूनल के समक्ष स्वीकार किया कि हादसे वाले दिन वह मोहन नगर से लोनी जा रहा था और ट्रक खाली था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि हादसा इसी ट्रक से हुआ। उसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है और ट्रक का नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से 16 नवंबर 2017 से 15 नवंबर 2018 तक का बीमा है।

# डीटीसी बसों में तंबाकू और बीड़ी फूंकने वालों की खैर नहीं

**जुर्माना**

**8 बिना टिकट के यात्रा करने वाले लोगों के साथ ही गुटखा थूकने वालों पर भी टिकट चैकिंग स्टाफ लगा रहे जुर्माना**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में तंबाकू का सेवन और बीड़ी पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद अब डीटीसी कर्मचारी सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए शुरू की गई इस मुहिम के तहत नियम तोड़ने वालों पर चालान काटा जा रहा है और जुर्माना लगाया जा रहा है। यह कदम न केवल यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखता है, बल्कि दिल्ली सरकार की स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण नीतियों को भी मजबूत करता है।

डीटीसी अधिकारियों के अनुसार, बसों में धूम्रपान और तंबाकू उत्पादों का उपयोग प्रतिबंधित है। इसके बावजूद, कई यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए बीड़ी, सिगरेट या तंबाकू चबाते पाए गए हैं। इससे न केवल सह-यात्रियों को परेशानी होती है, बल्कि बसों की साफ-सफाई भी प्रभावित होती है। जगह- जगह थूककर बसों को लाल किया गया है। इस समस्या से निपटने के लिए डीटीसी कर्मियों की फौज (टिकट चैकिंग स्टाफ व अन्य) सक्रिय हो गई है। वह नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर भी रहे हैं।

**बीड़ी और गुटका अन्य यात्रियों के लिए भी असुविधाजनक**
पिछले कुछ महीनों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर करीब एक सप्ताह पहले यह अभियान शुरू किया गया। एक डीटीसी अधिकारी ने बताया कि उन्हें रोजाना यात्रियों से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग बसों में बीड़ी पीते हैं या गुटखा थूकते हैं। यह न केवल अस्वास्थ्यकर है, बल्कि अन्य यात्रियों के लिए असुविधाजनक भी है। अब ऐसे लोगों का चालान काटा जा रहा है और 200 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा रहा है।

**बसों में टिकट चैक करने के दौरान ही निगरानी बढ़ी**
इस अभियान के तहत डीटीसी कर्मचारी बसों में टिकट चैक करने के दौरान ही निगरानी बढ़ा रहे हैं। वह यात्रियों से भी पूछ रहे हैं कि किसी ने आसपास गुटखा तो नहीं थूका है या बीड़ी तो नहीं पी है। नियम तोड़ने वाले यात्रियों को पहले चेतावनी दी जाती है, और अनुपालन न करने पर चालान काटा जाता है। जुमार्ने की राशि सीधे डीटीसी के खाते में जमा की जाती है, जिसका उपयोग बसों की रखरखाव और स्वच्छता के लिए किया जाएगा। साथ ही, यात्रियों को जागरूक करने के लिए बसों में घोषणाएं भी शुरू की गई हैं।

# एमसीडी में नहीं चलेगा बहाना, अब समय से आना-जाना जरूरी

**सख्ती**

**8 जो समय से दफ्तर नहीं आ रहे हैं, उनका वेतन मई माह में मोबाइल से लगी हाजिरी के आधार पर ही दिया जाए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर से लेकर निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में पिछले सप्ताह से अलग तरह की दौड़ अधिकारियों और कर्मचारियों में नजर आ रही है। सबकी कोशिश सुबह 9.10 बजे तक अपनी कार्यालय की लोकेशन पर पहुंचने की होती है। कर्मचारी तुरंत कार्यालय में पहुंचने और बस्ता रखने से पहले मोबाइल से हाजिरी लगाते हुए देखे जाते हैं। क्योंकि निगमायुक्त का साफ आदेश है कि जो अधिकारी और कर्मचारी समय से दफ्तर नहीं आ रहे हैं, उनका वेतन मई माह में मोबाइल से लगी हाजिरी के आधार पर ही दिया जाए।

**अब सभी साढ़े 5 बडे तक रुककर हाजिरी लगा रहे**
ऐसे में जिन कर्मियों की हाजिरी मोबाइल से नहीं लग पा रही है उनको रियायत दिलाने में उनके अधिकारी भी हाथ खड़े कर दे रहे हैं। इतना ही नहीं जो कर्मचारी और अधिकारी शाम साढ़े चार बजे दफ्तर छोड़ने की तैयारी कर देते थे, वह भी अब शाम को साढ़े बजे 5 तक रुककर दफ्तर में ही हाजिरी लगाकर जा रहे हैं।

**एमसीडी मोबाइल एप से लगाना अनिवार्य कर दिया**
एमसीडी के आदेश के अनुसार सुबह 9.10 मिनट पर आने की उपस्थिति तो वहीं शाम को साढ़े पांच बजे जाने की उपस्थिति एमसीडी मोबाइल एप से लगाना अनिवार्य कर दिया है। आदेश का अनुपालन हो और कोई अधिकारी और कर्मचारी आदेश की जानकारी न होने का बहाना न लगे सके इसलिए मुख्यालय में प्रतिदिन माइक पर इसकी घोषणा भी की जा रही है। इससे कर्मचारी हाजिरी को लेकर सजग हो गए हैं।

**बिना मोबाइल एप के हाजिरी के किसी को वेतन न जारी करें**
एमसीडी ने मोबाइल एप से हाजिरी लगाना कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2021 में शुरू कर दिया था लेकिन कर्मचारी पहले की तरह ही पारंपरिक तरीके से रजिस्टर पर हाजिरी लगा रहे थे। अब निगमायुक्त अश्वनी कुमार ने सख्ती कर दी है कि बिना मोबाइल एप के हाजिरी के किसी को वेतन न जारी करें। इसके लिए सभी डीडीओ की बैठक भी हो चुकी है और उन्हें इसके जरिये ही वेतन जारी करने का प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। इसलिए कर्मचारी सुबह दौड़कर दफ्तर की लोकेशन पर पहुंचकर हाजिरी लगाते हैं।

**एमसीडी में सर्वाधिक कर्मचारी सफाई विभाग में**
एमसीडी मोबाइल एप पर सेल्फी, लोकेशन से हाजिरी लगती है। अगर, निगम कर्मचारी तय लोकेशन पर नहीं है तो उसे अनुपस्थित माना जाता है।

## ईडी ने एम्पुरान निर्माता के चिटफंड कार्यालय पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के उल्लंघन के मामले में तमिलनाडु और केरल में श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस लिमिटेड (गोकुल चिट फंड) कंपनी के कई परिसरों में तलाशी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। ईडी ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि कोचीन जोनल कार्यालय ने 04 और 05 अप्रैल, 2025 को केरल के कोझिकोड में एक स्थान और तमिलनाडु के चेन्नई में दो स्थानों पर श्री गोकुलम चिट्स एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में तलाशी लेने की कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस कार्रवाई के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि ये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के प्रावधानों के तहत 1000 करोड़ रुपये के कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन की चल रही जांच का हिस्सा है।

# लाखों की चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** डिफेंस कॉलोनी स्थित एक घर से 80 लाख रुपये के जेवरात और छह लाख रुपये की नकदी चुराने वाले ओडिशा के एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शिकायतकर्ता का पूर्व घरेलू नौकर, उसकी पत्नी और चोरी के जेवरात खरीदने और बेचने वाला व्यक्ति शामिल है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के जेवरात बरामद कर लिए हैं।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपियों की पहचान ओडिशा के बालासोर निवासी निर्मल मलिक, उसकी पत्नी प्रभाकर साहू जिसने चोरी के गहने बेचे और रत्न रंजन मलिक जो एक सुनार है जिसने गहने खरीदे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए पांच कान के टॉप्स, छह कान की बाली, छह चूड़ियां, एक कान का टुकड़ा, एक सोने का हार, एक सोने का कंगन, एक मोती का हार, 12 चांदी के सामान और 6 लाख रुपये बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पिछले साल 26 दिसंबर को आरोपी निर्मल मलिक ने डिफेंस कॉलोनी के बी ब्लॉक में अपनी मालकिन के घर में चोरी की थी।

# सभी के लिए पेंशन राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए: पंकज चौधरी



**जरूरत**

**8 समावेशी पेंशन योजनाओं के जरिए वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करना केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि जरूरत है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पहला अंतरराष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (आईआरसीपी) 2025 विश्व बैंक और विशेषज्ञों सहित वैश्विक प्रमुखों की भागीदारी के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में संपन्न हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सभी के लिए पेंशन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि आने वाले दशकों में भारत की जनसांख्यिकी बहुत तेजी से बदल रही है। वर्ष 2050 तक पांच में से एक भारतीय 60 वर्ष से अधिक आयु का होगा, जबकि 2047 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों की संख्या से ज्यादा हो जाएगी। अनुमान है कि सदी के मध्य तक 19 फीसदी आबादी बुजुर्ग होगी, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं होंगी। ऐसे में समावेशी पेंशन योजनाओं के जरिए वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करना केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि देश के लिए जरूरत है। 'सभी के लिए पेंशन' एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए हमारी वृद्ध हो रही आबादी के लिए एक सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत योजना की आवश्यकता है। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव नागराजू मद्दिराला ने कहा कि भारत की पेंशन व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है। एकीकृत पेंशन प्रणाली की शुरूआत तथा इसमें अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के प्रयासों के माध्यम से हम सुरक्षित सेवानिवृत्ति के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं। यूपीएस में सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन की 50 फीसदी राशि पेंशन के रूप में प्रदान करने का प्रावधान है। भारत की पेंशन परिसंपत्तियां, जो सकल घरेलू उत्पादन का लगभग 17 फीसदी है, ओईसीडी औसत से बहुत कम है, जहां वे आमतौर पर 80 फीसदी से अधिक होती हैं। यह सेवानिवृत्ति की तैयारी में एक बड़ी असमानता को दर्शाता है। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष डॉ. दीपक मोहंती ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) भारत के पेंशन क्षेत्र की आधारशिला के रूप में उभरी है, जो लाखों लोगों के लिए वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है। इसमें 14.4 लाख करोड़ का संचित कोष और एनपीएस और एपीवाई के तहत 8.4 करोड़ ग्राहक हैं। जैसा कि हम प्रौद्योगिकी-आधारित पहलों और नए नीतिगत समाधानों को अपनाते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के हिसार और यमुनानगर दौरे की तैयारियों को लेकर रोहतक में मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को हरियाणा में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शनिवार को रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में भाजपा की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ व सांसद सुभाष बराला, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, कृष्ण बेदी समेत मंत्री, विधायक, सांसद, जिला अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री के हरियाणा आगमन को लेकर कार्यक्रताओं की जिम्मेदारियां भी इस बैठक में तय की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी




संगठनात्मक कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हमारे लिए यह गौरवशाली क्षण है कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा में प्रथम आगमन है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को हिसार में प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा को पहला ऐयरपोर्ट देंगे साथ ही यमुनानगर थर्मल पॉवर प्लांट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि आज की बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी के हिसार और यमुनानगर में कार्यक्रम हैं। संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा ने 27 जिले बनाए हैं। 15 जिलों के कार्यकर्ता हिसार में और 12 जिलों के कार्यकर्ता यमुनानगर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी हिसार में ऐयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे उसके साथ ही हिसार से पहली उड़ान अयोध्या के लिए होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी 9 बजे हिसार में और 11 बजे यमुनानगर में

**तैयारी**

**8 प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा में प्रथम आगमन है**

जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में बसता है। मन की बात कार्यक्रमों में भी पीएम मोदी हरियाणा की चर्चा करते हैं। इस बार भी पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा के खिलाड़ियों, महिलाओं और पानीपत के कपड़ा उद्योग क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों अच्छे कामों की चर्चा की है।

**90 विधानसभाओं में होंगे सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन**

आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के बारे में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 8 और 9 अप्रैल को 377 मंडलों की कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 8 और 9 अप्रैल को ही सभी 90 विधानसभाओं में सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन होंगे। हरियाणा में लगभग 45 हजार सक्रिय सदस्य हैं। सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में तीन-तीन वक्ता होंगे जो तीन विषयों पर जानकारी कार्यकताओं को देंगे। भाजपा की रचना योजना में सभी कार्यकताओं को स्थान मिले यह फैसला बैठक में लिया गया है। इसलिए जो सक्रिय कार्यकर्ता हैं उन्हें संगठन में काम करने का मौका दिया जाएगा।

**भाजपा 10 से 12 अप्रैल तक चलाएगी गांव चलो अभियान**

श्री बड़ौली ने कहा कि 10, 11 और 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलेगा। हरियाणा में 6225 पंचायतें हैं। भाजपा के कार्यकर्ता चौपालों व गांवों में जाकर लोगों से सीधा संवाद करेंगे और भाजपा की रीति नीति से अवगत कराएंगे। शहरों की बस्तियों में जाकर भी लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा।

# सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में जागरण का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। सिद्ध पीठ मां भूरा** भवानी मंदिर सिसोठ धाम में सप्तमी नवरात्रि पर माता का विशाल जागरण का आयोजन हुआ। जागरण में धीरज खुराना श्याम कृपा मंडल द्वारा भजन गायक कलाकार तनु मंजू ठाकुर गुरूग्राम, रोहन सैनी, कथा वाचक सोनू पागल ने मां भवानी की महिमा का गुणगान कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण के अंत में कथा वाचक सोनू पागल ने तारा रानी की कथा सुनाई, जिसको सभी श्रद्धालुओं ने बड़ी ध्यानपूर्वक सुनी। मंदिर महंत शक्तिनाथ महाराज, मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव, उपप्रधान विक्रम सिंह, सचिव मास्टर अनिल यादव, सरपंच वीरेंद्र कुमार विक्की, कमेटी सदस्य मुकेश चौहान ने भजन गायक कलाकारों को माता रानी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। इनके साथ-साथ कोलकता से आए सत्यनारायण सुहासड़ियां व माया सुहासड़ियां को भी माता रानी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। माया सुहासड़ियां ने



कहा कि माता भूरा भवानी के प्रति क्षेत्र के लोगो में गहरी आस्था हैं। माता अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है। माता का विशाल मंदिर इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां पर दिल्ली, कोलकत्ता, जयपुर, राजस्थान, जालंधर, लुधियाना व पंजाब आदि अनेक दूर-दराज स्थानों से श्रद्धालु आते हैं। माता रानी उन सभी की मनोकामना पूर्ण करती हैं। कमेटी कोषाध्यक्ष परमजीत ने बताया कि छह अप्रैल को माता का महान मेला व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मेले में खेलों का आयोजन होगा, जिसमे वॉलीबॉल में प्रथम इनाम 11 हजार व द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 71 सौ रुपये इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा 51 से शुरू होकर 51 सौ रुपये तक की कुश्ती करवाई जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कवर सिंह यादव खेलों में विजेता टीमों को इनाम वितरण करेंगे। पूर्व प्रधान एवं संरक्षक प्रेमचंद सिसोठिया, कमेटी सदस्य रणधीर सिंह व ललित कुमार ने बताया कि मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे के प्रसाद की व्यवस्था की गई है, जो सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं के आने तक भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा। जागरण में माता का भव्य दरबार एवं बहुत अच्छी लाइट वं डेकोरेशन संदीप टेंट हाऊस सिसोठ के प्रोपराइटर मदन लाल भवनिया ने की।

# पांची गुजरान में गर्मी की शुरूआत के साथ ही बिजली कटौती हुई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गांव पांची** गुजरान में गर्मी की शुरूआत के साथ ही दिन के समय बिजली कटौती ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से दिनभर में कई-कई घंटे बिजली गायब रहती है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन के समय बार-बार बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन के समय कई-कई घंटे बिजली नहीं रहती। इससे न केवल घरेलू जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि सबसे अधिक दिक्कत स्कूल और कालेज के विद्यार्थियों को हो रही है। कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन गर्मी और अंधेरे के चलते उनकी पढ़ाई भी



बाधित हो रहा है। ग्रामीण राजकुमार, जोगिंद्र, विकास, रिंकू, सचिन, राम प्रकाश ने बताया कि उन्होंने बिजली निगम को कई बार इस संबंध में शिकायत की, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में पहुंच कर शिकायत दी। ग्रामीणों ने विभाग और प्रशासन से जल्द सुधार की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इस संबंध में एसडीओ अभिषेक कौशिक ने बताया कि गेहूं की फसल कटाई के चलते बिजली काटनी पड़ रही है। गांव की सप्लाई खेतों के उपर से हो कर गुजर रही है। ऐसे में कोई हादसा न हो इस वजह से दिन के समय बिजली बंद कर दी जाती है। फसल कटाई के बाद जल्द ही गांव में बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

# कार व स्कूल बस की टक्कर में कार चालक मामा की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के प्योंत गांव** के पास नई स्कूल बस व आल्टो कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में कार चला रहे मामा की मौके ही मौत हो गई, जबकि दो भांजियों की हालत गंभीर है। हादसे के बाद स्कूल बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस जांच अधिकारी महताब सिंह ने बताया कि कैथल जिले के किठाना गांव निवासी अमरजीत अपनी भांजियों का एग्जाम दिलाने के लिए करनाल आया हुआ था। एग्जाम दिलाने के बाद जब वह घर की तरफ जा रहे थे तो गांव प्योंत के पास दूसरे वाहन से ओवरटेक करने लगा। इस दौरान सामने से आ रही नई स्कूल बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई। मौके पर मौजूद शमशेर सिंह ने बताया कि हादसा इतना भयानक था कि गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# खेलों के साथ साथ पढ़ाई में भी तरासेंगे बच्चों का भविष्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। खेल विश्वविधालय** राई के कुलपति ने सुपर 100 की नीव रखी। योजना का विज़न खेलों और पढाई के संबंध में बच्चों के भविष्य को निखारना है। योजना के तहत खेल स्कूल में पढने वाले छात्रों में से 100 उतकर्स छात्रों का चयन खेलों में और 100 उतकर्स छात्रों का चयन पढाई के लिए किया गया है। कुलपति अशोक कुमार ने बताया की चयनित एथलीटों को वैज्ञानिक कोचिंग, शक्ति और कंडीशनिंग हस्तक्षेप,पोषण संबंधी मार्गदर्शन, खेल फिजियोथेरेपी और चोट प्रबंधन, खेल मनोविज्ञान सत्र, नवीनतम उपकरण जैसी सुविधाएं दी जाएगी। पढाई में बेहतर प्रर्दशन करने वाले छात्रों के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग, डिफेन्स जाने के लिए कोचिंग दिलवाई जाएगी। कुलपित अशोक कुमार ने बताया कि खेल स्कूल के एथलीटों को राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के लिए तैयार करना, वैज्ञानिक कोचिंग के माध्यम से प्रदर्शन को बेहतर बनाना है वहीं पढने वाले छात्रों को बेहतर कोचिंग प्लेटफार्म की मदद से देश के टॉप संस्थानों में जगह दिलवाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवीन छात्रों एवं उनके अभिभावकों को कार्यप्रणाली से करवाया परिचित



**राई। अभिभावक- शिक्षक** सम्मेलन स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में किया गया। पी.टी.एम. का मुख्य उद्देश्य नवीन छात्रों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय के कार्य प्रणाली से परिचित कराने के साथ अध्यापकों से मुलाकात एवं अपना सार्थक सुझाव एवं सलाह प्रेषित करना था। प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने बताया कि नए सत्र में स्कूल प्रोग्राम एवं आफ्टर स्कूल स्पोर्ट्स प्रोग्राम जैसे विविध बहुआयामी योजनाओं के साथ शुरूआत कर रहा है। ग्यारहवीं में अध्ययनरत छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की। इस मौके पर मुख्याध्यापक एस.पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि मौजूद रहे।

### बैटरी की दुकान पर खाना खाने के बाद गए युवक का सुराग नही

**गन्नौर। बैटरी की दुकान** पर काम के लिए गए युवक का सुराग नही लगा। परेशान युवक की पत्नी ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में बेगा रोड निवासी बबीता ने बताया कि वह बेगा रोड पर शिव मन्दिर गन्नौर की रहने वाली है। मेरी पति ने गन्नौर अड्डा पर बैटरी की दुकान कर रखी है। मेरा पति 2 अप्रैल को प्रतिदिनि की तरह दोपहर को खाना खाकर दुकान पर गया था लेकिन वह वापिस नही आया। शिकायत में बताया कि उसकी आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन कोई सुराग नही। उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

### पत्नी को मोटी बताकर घर से निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के रमाना-रमानी** गांव की एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तरावड़ी थाने में दर्ज शिकायत में उसने बताया कि उसका पति अब उसे अपनाने से इंकार कर रहा है और उसे जबरन घर से निकाल दिया है। पति ने पहले उसे मायके में छोड़ दिया और अब दूसरी महिला के साथ संबंध बनाकर उसकी जिंदगी बर्बाद करने पर तुला हुआ है। पति ने उसे मोटी होने का ताना देकर घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने पुलिस से मांग की है कि उसे सम्मान के साथ ससुराल वापस भेजा जाए और उसके पति की पूरी जांच की जाए। पीड़िता मनप्रीत ने बताया कि उसकी शादी 13 अक्टूबर 2019 को उमरी गांव में दीपक से हुई थी। शादी के बाद पति का व्यवहार शुरू में अच्छा था और वह उसके साथ सामान्य तरीके से रहता था। पति-पत्नी दोनों ही ससुराल से अलग रह रहे थे। पति का बड़ा भाई अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अलग रहता है। पीड़िता के अनुसार पिछले एक साल से पति का व्यवहार अचानक बदल गया। 8 अगस्त 2024 को पति ने उसे तरावड़ी में छोड़ दिया और मायके जाने वाली बस में बैठा दिया और तब से वह मायके में ही रह रही है। दो-तीन बार पंचायत भी हुई, लेकिन पति ने पत्नी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। एक बार जब वह ससुराल गई तो उसे धक्के देकर बाहर निकाल दिया गया और कहा गया कि वह अब उसके साथ नहीं रहना चाहता। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि दीपक एक दवा कंपनी में काम करता है, जहां उसकी एक महिला सहकर्मी से नाजायज संबंध हैं। इसी महिला की वजह से वह पत्नी से पीछा छुड़ाना चाहता है।

# मार्किट कमेटी में नए सीजन की शुरूआत में करवाया हवन-यज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। मार्किट कमेटी** कार्यालय में गेंहू की खरीद सीजन की शुरूआत में हवन यज्ञ व प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मार्किट कमेटी के सचिव जगबीर सिंह व स्टाफ के सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली और सुख शांति की कामना की। कमेटी सचिव जगबीर सिंह ने बताया कि किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत हवन यज्ञ से करनी चाहिए। हवन-यज्ञ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पर्यावरण शुद्धिकरण, सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य लाभ के लिए भी महत्वपूर्ण है। सचिव जगबीर ने कहा कि हमें इसे केवल कर्मकांड के रूप में नहीं, बल्कि जीवनशैली के एक अभिन्न अंग के रूप में देखना चाहिए. यज्ञ सनातन संस्कृति का हिस्सा माना गया है। जो व्यक्ति उस यज्ञ में शामिल होते हैं, उन पर तथा निकटवर्ती वायुमंडल पर उसका बड़ा प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर अकाऊटेंट आशा, हरिओम, सुरेन्द्र, कविता, नाहर, मनोज, राजेन्द्र, सुरेश आदि स्टाफ मौजूद था।

# आज नवरात्रि व्रत का करे पारण और मनाए भगवान श्री राम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। आज चैत्र नवरात्रि** का अंतिम दिन है। नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है, इनकी पूजा उपासना करने से समस्त प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नवमी के दिन अगर केवल इन्हीं की पूजा कर ली जाए तो व्यक्ति को संपूर्ण देवियों की पूजा का फल मिल सकता है। इस दिन कमल के पुष्प पर बैठी हुई देवी का ध्यान करना चाहिए। देवी को विभिन्न प्रकार के सुगन्धित पुष्प अर्पित करने चाहिए।
ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि छह अप्रैल रविवार को माता के नवरात्रि व्रत का पारण यानि व्रत का उद्यापन किया जाएगा। आज के दिन विशेष रूप से कन्याओं का पूजन करे और नौ कन्याओं



को व लड़का (बटुक भैरव) भोजन कराना चाहिए। इस दिन माता को हलवा, पूड़ी, काले चने, फल, खीर और नारियल का भोग लगाया जाता है व प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। इन्ही देवी की कृपा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। यह देवी मां लक्ष्मी के समान कमल के आसन पर विराजमान है। जिनकी चार भुजाएं हैं। इनका वाहन सिंह है। दाहिने और नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा, बाई ओर से नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। भगवती के इस स्वरूप की ही हम नवरात्र के अंतिम दिन आराधना करते हैं। मां दुर्गा के इस रूप को शतावरी और नारायणी भी कहा जाता। उन्होंने बताया कि इस दिन दुर्गा सप्तशती और कवच, कीलक और अर्गला स्तोत्र का पाठ लाभकारी होता है।
आज ही के दिन हुआ था भगवान श्री राम का जन्म
भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष आज के दिन छह अप्रैल को ये त्यौहार मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन रामचरित मानस (अखंड रामायण),राम रक्षा स्तोत्र का पाठ और हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ करना चाहिए। आज के दिन इन पाठों का बहुत ही ज्यादा महत्व और लाभकारी बताए है। इस दिन इनके पाठ को करने से ना सिर्फ अक्षय पुण्य मिलता है बल्कि धन संपदा के निरंतर बढ़ने के योग जाग्रत होते हैं।

# वक्फ की जमीनों पर एक तरफा कानून से दुरूपयोग हुआ: खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि गन्नौर में एनएच-44 के पास 537 एकड़ में एशिया की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय फल, फूल और बागवानी मंडी बनाई जा रही है। इसमें देश के 14 राह्रयों से माल आएगा, जिससे किसानों को बड़ा बाजार और युवाओं को रोजगार मिलेगा। खट्टर शनिवार को पानीपत से दिल्ली जाते समय मन्नत हवेली पर रुके थे। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने उनका स्वागत किया और अनाज मंडी की समस्या से अवगत कराया। खट्टर ने भरोसा दिलाया कि अनाज मंडी को शहर से बाहर



शिफ्ट करने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि मंडी 2026 की शुरूआत में चालू हो जाएगी और इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने वक्फ की जमीनों पर कहा कि पहले एकतरफा कानून से दुरुपयोग हुआ। सरकारी जमीन पर भी कब्जा दिखा दिया गया, लेकिन नया संशोधन कानून समाज में जागरूकता लाएगा। केंद्र और राज्य सरकारें विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं और गरीबों के लिए लगातार काम कर रही हैं।

# आगामी 14 अप्रैल को पीए मोदी आएंगे हरियाणा : जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में हरियाणा को अपना पहला एयरपोर्ट मिलने जा रहा है तथा इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे। जगमोहन आनंद शनिवार को रोहतक में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा में प्रथम आगमन है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है और विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि करनाल से 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर जनता में भारी उत्साह है। वे अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखना चाहती है तथा उनके विचारों को सुनना चाहती है।

# संतों के मार्ग पर चलकर ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव : कादियान

**गन्नौर। शनिवार को** पुरखास और शेखपुरा गांव में महर्षि कश्यप जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। गांव पहुंचने पर कश्यप समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक ने महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कादियान ने कहा कि महर्षि कश्यप सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य है कि हम अपने



महापुरुषों के बलिदान और त्याग को याद रखें। संतों के मार्ग पर चलकर ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने समाज में एकता की जरूरत पर जोर दिया। इस मौके पर बिल्लू कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, डॉ. कर्ण सिंह, रणवीर सिंह, शिव कुमार, हवासिंह, मुकेश, चंद्रभान, चांद और महेंद्र मौजूद रहे।

## संपादकीय

# जीवन की मर्यादा है श्रीराम का जीवन

**श्रीराम** जीवन की मर्यादा हैं। सांस्कृतिक प्रेरणा है। समरसता का पर्याय हैं। भारतीय सांस्कृतिक दर्शन की धारा को प्रवाहित करने वाले भारतीय साहित्य में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव सदैव समाहित रहा है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण और संत तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ने सामाजिक समरसता के भाव का प्रवाहन बहुत ही गहनता से किया है। उदारता के भाव से अनुप्राणित भारतीय साहित्य निश्चित ही विश्व समुदाय को अहिंसा और सामाजिक समरसता का धरातलीय संदेश देता है। जिसकी वर्तमान में पूरे विश्व को अत्यंत आवश्यकता है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है।
वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषादराज को भी गले लगाया, इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृत्ति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे।

# भारतीय जनता पार्टी: एक विचारधारा से राजनीतिक अग्रदूत तक



प्रसांत वीर सिंह

"आर्थिक परिवर्तन के कार्यक्रम के रूप में वर्ष 2017 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करके कर ढाँचे को एकीकृत किया गया, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, दिवालिया और दिवालियापन संहिता, 2016ने वर्ष 2023 तक 3.6 लाख करोड़ के बैड लोन का निपटान किया। डिजिटल इंडिया पहल के तहत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के अनुसार, वर्ष 2023 में यूपीआई लेनदेन 139 ट्रिलियन तक पहुँचा, जिसने भारत को फिनटेक में अग्रणी बना दिया। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पीएम-किसान (किसानों को 6,000 प्रतिवर्ष) और उज्ज्वला योजना (लगभग 10 करोड़ मुफ्त एलपीजी कनेक्शन) जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने ग्रामीण समर्थता बढ़ाया ।साथ ही, मोदी सरकार द्वारावर्ष 2019 में अनुच्छेद 370के निरसन के माध्यम से जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता समाप्त करना राष्ट्रवादी जीत बताई गई"

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने वर्ष 1980 में अपनी स्थापना के पश्चात हिंदू राष्ट्रवाद से प्रेरित एक सीमांत राजनीतिक संस्था से भारत की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति का स्वरूप ग्रहण कर लिया है। वर्ष 1980 से लेकर वर्ष 2025 तक, साढ़े चार दशकों की भाजपा की यह यात्रा, न केवल वैचारिक कठोरता से व्यावहारिक शासन तकभारत के समाजवादी पंथनिरपेक्षता से आक्रामक राष्ट्रवाद की ओर परिवर्तन को दशार्ती है, बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को भी पुनर्परिभाषित करती है, जो रणनीतिक पुनर्गठन, चुनावी प्रभुत्व और विवादास्पद मुद्दों से चिन्हित है। ऐतिहासिक तौर पर भाजपा की उत्पत्ति और वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ (बीजेएस) से जुड़ी हैं, जिसकी स्थापना वर्ष 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हिंदुत्व( हिंदू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद) के सिद्धांत परभारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विकल्प के रूप में की थी। यद्यपि वर्ष 1977 में आपातकाल विरोधी आंदोलन के दौरान बीजेएस का जनता पार्टी में विलय हो गया था, लेकिन वर्ष 1980 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े मतभेदों के कारण जनता पार्टी टूट गई। परिणामस्वरूप 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई, जिसने बीजेएसकी विरासत अर्थात हिंदुत्वके सिद्धांत को अपनाया, हालाँकि आरम्भिक वर्षों में इसकी पहचान धुंधली रही। भाजपा के शुरूआती वर्ष चुनावी असफलताओं से भरे थे। मसलन वर्ष 1984 के लोकसभा चुनावों में, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस को मिले अपार जनसमर्थन की लहर में भाजपा को केवल 2 सीटें मिलीं, भारत निर्वाचन आयोग के चुनावी आँकड़ों के अनुसार, यह भाजपा का अब तक का सबसे निम्नतम प्रदर्शन था। लेकिन वर्ष 1980 के दशक के अंत में भाजपा का भाग्य सुपथ पर बढ़ा। अयोध्या के विवादित बाबरी मस्जिद स्थल पर राम मंदिर निर्माण की मांग को लेकर भाजपा नेता एल.के. आडवाणी के नेतृत्व में चले राम जन्मभूमि आंदोलन (वर्ष 1984) ने पार्टी को नई ऊर्जा दी ।भाजपा के चुनावी संघर्ष में इस आंदोलनका सकारात्मक प्रभाव पड़ा। परिणामस्वरूप वर्ष 1989 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की सीटें बढ़कर 85 हो गईं, जिससे कारण यह राष्ट्रीय मोर्चा गठबंधन सरकार में महत्त्वपूर्ण भूमिका में आ गई। हाल की चुनावी सफलता से उत्साहित माहौल में, वर्ष 1990 में एल.के. आडवाणी की रथ यात्रा ने उत्तर भारत में हिंदू भावनाओं को जगायाऔर जन-जन में भाजपा को हिंदू भावनाओं का प्रतीक बना दिया ।यह वह दौर था जब, भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को व्यावहारिक आर्थिक नीतियों के साथ जोड़ना शुरू किया। वर्ष 1990 का दशक भाजपा को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने वाला सिद्ध हुआ। वर्ष1991 के लोकसभा चुनावों में पार्टी ने 120 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा प्राप्त किया। इस दौरान एल.के. आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं के नेतृत्व में भाजपा ने गांधीवादी समाजवाद से समग्र मानवतावाद की ओर रुख किया, जिससे इसकी व्यापक अपील हुई। यद्यपि वर्ष 1996के लोकसभा चुनावोंमें भाजपा161 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार मात्र13 दिन चली। लेकिन क्रमशः वर्ष 1998एवं वर्ष 1999 के लोकसभा चुनावोंमें, भाजपासबसे बड़ी पार्टी (दोनों में 182-182सीटें) बनी और भाजपा के नेतृत्व वालेराष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बहुमत प्राप्त किया, परिणामस्वरूप वाजपेयी ने निरंतर क्रमशः 13 महीने और 5 वर्षों तक, वर्ष 1998 से वर्ष 2004 तक प्रधानमंत्री का पदभार सम्भाला। वाजपेयी के इस कार्यकाल के दौरान पोखरण-क्कपरमाणु परीक्षण (वर्ष 1998) जैसे साहसिक निर्णय लिए गए, जिन्होंने वैश्विक प्रतिबंधों के बावजूद भारत को परमाणु शक्ति बनाया। क्रमशः एनएचएआई एवं विश्व बैंक के अनुसार, इस कार्यकाल के दौरान, आर्थिक मोर्चे पर, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना (5,846 किमी) ने बुनियादी ढाँचे को मजबूत किया, और दूरसंचार के उदारीकरण ने निजी निवेश को बढ़ावा दिया, मसलन विश्व बैंक के अनुसार इस दौरान जीडीपी लगभग 6% वार्षिक की दर से बढ़ी। हालाँकि, ग्रामीण संकट बना रहा, औरवर्ष 2002 के गुजरात दंगों (तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में) सेकथित तौर पर पार्टी की छवि को गहरा धक्का लगा एवं उसे अंतरराष्ट्रीय आलोचनाओं का सामना करना पड़ा ।कृषि असंतोष के कारण, वर्ष 2004 के लोकसभा चुनावोंमें भाजपा का शहरी-केंद्रित इंडिया शाइनिंग अभियान ग्रामीण मतदाताओं से दूर हो गया, और कांग्रेस के नेतृत्व मेंसंयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने सरकार बनाई। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की पराजयने पार्टी को आत्ममंथन के दौर में धकेल दिया। अतः वर्ष 2004 से वर्ष 2014 का दशक भाजपा के लिए संगठनात्मक पुनर्गठन का समय रहा। गुजरात दंगों की कथित आलोचनाओं के बावजूद नरेंद्र मोदी ने लगातार तीन बार विधानसभा चुनाव (क्रमशः वर्ष 2002, 2007 और 2012) जीतकर स्वयं को विकास-पुरुष के रूप में स्थापित किया और बाद में पार्टी का नेतृत्व सम्भाला। मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने खुद को विकास-केंद्रित पार्टी के रूप में प्रस्तुत किया और कथित तौर पर कांग्रेस की विफलताओं एवं भ्रष्टाचार मसलन2जी और कोयला घोटालों इत्यादि का लाभ उठाकर खुद को भ्रष्टाचार-विरोधी विकल्प के रूप में पेश किया। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावोंमें नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाना निर्णायक साबित हुआ। भाजपा ने अच्छे दिनके वादे के साथ हिंदुत्व को जोड़कर युवाओं और मध्यम वर्ग को लक्षित किया। परिणामतः इसने 282 सीटें( भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, लगभग 31% वोट शेयर) जीतकर वर्ष 1984 के बाद पहला एकल पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के कार्यकाल, वर्ष 2014 से वर्ष 2024 की अवधि,ने भारतीय राजनीति को नीतिगत क्रांति, वैचारिक दृढ़ताएवं चुनावी श्रेष्ठताके आयामों पर पुनर्परिभाषित किया। मसलन आर्थिक परिवर्तन के कार्यक्रम के रूप में वर्ष 2017 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करके कर ढाँचे को एकीकृत किया गया, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, दिवालिया और दिवालियापन संहिता, 2016ने वर्ष 2023 तक 3.6 लाख करोड़ के बैड लोन का निपटान किया। डिजिटल इंडिया पहल के तहत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के अनुसार, वर्ष 2023 में यूपीआई लेनदेन 139 ट्रिलियन तक पहुँचा, जिसने भारत को फिनटेक में अग्रणी बना दिया। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पीएम-किसान (किसानों को 6,000 प्रतिवर्ष) और उज्ज्वला योजना (लगभग 10 करोड़ मुफ्त एलपीजी कनेक्शन) जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने ग्रामीण समर्थता बढ़ाया ।साथ ही, मोदी सरकार द्वारावर्ष 2019 में अनुच्छेद 370के निरसन के माध्यम से जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता समाप्त करना, राष्ट्रवादी जीत बताई गई ।वहीं विपक्षी दलों एवं अधिकांश मुस्लिम समुदाय के विरोध के बावजूद नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019लागू करना, और वर्ष 2024 में लगभग तीन दशक पुराने वादे को पूरा करके अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करना, भाजपा के हिंदू राष्ट्रवादी आधार की प्रतीकात्मक विजय थी ।चुनावी मोर्चे पर भी भाजपा का वर्चस्व अद्वितीय रहा। भारत निर्वाचन आयोग के आँकड़ों के अनुसार, तत्समय वर्ष 2025 तक देश के 21 प्रदेशों में भाजपा (15 प्रदेशों में स्वयं)या एनडीएसत्ता में हैं और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में 303सीटें जीत चुकी थी। साथ ही भाजपा ने पश्चिम बंगाल (वर्ष 2019 में 2 की तुलना में वर्ष 2024 में 18 सीटें) और ओडिशा जैसे गैर-हिंदी राज्यों में प्रवेश किया। वहीं वर्ष 2024के चुनावी आँकड़ों के अनुसार, तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों में इसका वोट शेयर लगभग 14% तक पहुँचा, हालाँकि केरल और तमिलनाडु में यह 15% से कम रहा। भाजपा के इस उत्कर्ष के साथ-साथ आर्थिक दबाव, लोकतांत्रिक क्षरणएवं सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी सामायिक चुनौतियाँ भी जुड़ी रहीं। आम राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2024 में शहरी बेरोजगारी 8.1% और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, 2023 के अनुसार, युवा बेरोजगारी (वर्ष15-29 आयु वर्ग) 34% तक पहुँच गई। वर्ष 2021 में तीन कृषि कानूनोंके निरसन ने ग्रामीण असंतोष को उजागर किया, तो वहीं रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2024 में भारत 161वें स्थान पर फिसल गया और एडीआरके अनुसार, चुनावी बॉन्ड (वर्ष 2018-2024 में 12,000 करोड़) पारदर्शिता के अभाव में सर्वोच्च न्यायालय की जाँच के दायरे में आए। जबकि, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, सामाजिक स्तर पर, वर्ष 2014-2023 के बीच घृणा भाषण के मामले 500%तक बढ़े हैं, और एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार, धर्मांतरण विरोधी कानूनों से अल्पसंख्यकों मेंचिंता बढ़ी है। अब, वर्ष 2025के साथ-साथ आगामी वर्षों में अपने राजनीतिक प्रभुत्व को बनाए रखने हेतु भाजपा की रणनीति आर्थिकपुनरुत्थान, वैचारिक एकीकरण, नेतृत्व परिवर्तन एवं दक्षिणी विस्तारपर केंद्रित है। मसलन, नीति आयोग के अनुसार, उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का लक्ष्य वर्ष 2026 तक विनिर्माण उत्पादन को 40 लाख करोड़ तक पहुँचाना है, जबकि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्ष्य जलवायु संकट से निपटने के लिए रखा गया है। वहीं हाल का वक़्फ़( संशोधन) विधेयक, 2025 एवं उत्तराखंड जैसे भाजपा-शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता का पायलट प्रोजेक्ट धर्म-आधारित (व्यक्तिगत) कानूनों को बदलने की पहल है, और शिक्षा सुधारों के रूप में, एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारतीय मूल्यों पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही साथ अब, भाजपा में आंशिक तौर पर ही सही लेकिन नेतृत्व परिवर्तन की चुनौती भी मंडरा रही है ।प्रधानमंत्री मोदी की उम्र 75 वर्ष के करीब पहुँचने पर जहाँ एक ओर अमित शाह और योगी आदित्यनाथ जैसे नेता मोदी के उत्तराधिकारी के रूप में उभरे हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय नेताओं का प्रभाव केंद्रीय नियंत्रण के लिए चुनौती बना हुआ है। एआईएडीएमके जैसे क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन और ओबीसी-केंद्रित योजनाओं द्वारा भाजपा तमिलनाडु और केरल में पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा की यह यात्रा वास्तव में एक वैचारिक संगठन से राष्ट्रीय शिखर तक का है। वर्ष 2025 तक इसने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, कल्याणकारी नीतियों और डिजिटल प्रशासन के मिश्रण से भारतीय लोकतंत्र को नया आकार दिया है। लेकिन इसके समक्ष अभी भी आर्थिक असमानता, सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। अतः निश्चित तौर पर भाजपा का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि यह व्यावहारिक प्रगतिशील दल बनती है या विभाजनकारी राजनीति में उलझी रहती है।

## कविता

**इतनी बे-असर दुआएं क्यों हैं।**
**?**

**इतनी खामोश हवाएं क्यों है,**
**इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।**

**बीमार ए-दिल में बे-असर दवाएं**
**इतनी बे-असर दुआएं क्यों हैं।**

**दर्द हमारा तो ला-इलाज है,**
**बे-असर इतनी दवाएं क्यों हैं ।**

**नजरें बता रहीं बेरुखी का सबक,**
**आंखों में ढेर लाल अंगारे क्यों हैं।**

**अब तो इंतजार की इन्तेहाँ हो गई**
**यादों के ये गमगीन इशारे क्यों हैं।**

**लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,**
**आसुओं के जुगनू इतने बेचारे क्यों हैं।**

**उम्मीद पर ही कायम है दुनिया संजीव**
**गहन अंधेरे के बाद सूर्य रोशन जो है।**

**संजीव**

## जीवन का आधार हैं राम

**संदीप सृजन**

विश्व भर में रामराज्य की कल्पना को एक आदर्श के रूप में देखा जाता है, क्योंकि रामराज्य एक नैतिक और न्यायिक राज्य का प्रतीक है, राम के राज्य में तानाशाही का कोई स्थान नहीं रहा। विश्व की कई संस्कृतियों में राम शब्द आदर्श का प्रतीक माना जाता रहा है। इसीलिए रामायण जैसा ग्रंथ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। हमारी व्यक्तिगत धारणाएं जो भी हों, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राम के जीवन की कथा रामायण विश्व सभ्यता की मूलभूत कथाओं में से एक है। हजारों सालों से लाखों जीवन का आधार राम रहे हैं। इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि वह कोई धार्मिक व्यक्तित्व नहीं हैं। कोई भी धर्म उन पर पूरी तरह दावा नहीं कर सकता। न ही इस राम कहानी में किसी भी बिंदु पर राम खुद को एक हिंदू घोषित करते हैं। अगर राम इस विश्व के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आदर्श हैं, तो इसलिए क्योंकि वह स्थिरता, संतुलन, शांति, सत्य, पवित्रता, करुणा और न्याय के प्रतीक हैं। हम उन्हें इसलिए पूजते हैं क्योंकि उनमें एक महान सभ्यता के निर्माण के लिए जरूरी गुण समाए हैं। आज का आधुनिक मन यह सोचकर हैरान हो सकता है कि हम राम की पूजा क्यों करते हैं। आखिरकार, उनके जीवन की कहानी कोई कामयाबी की कहानी नहीं है। बल्कि उनके जीवन में लगातार विपत्तियां आती रहीं, उनके जैसे कुछ ही लोग एक ही जीवनकाल में इतनी विपत्तियों से गुजरते हैं। राम अपने पिता के सिंहासन के उत्तराधिकारी हैं पर वह अपने पिता के कहने पर राज्य छोड़ देते हैं और वनवास स्वीकार कर लेते है। वनवास में अपनी पत्नी खो देते हैं, जिसे वापस लाने के लिए उन्हें युद्ध लड़ना पड़ता हैं, और अपनी पत्नी को वापस लाते हैं। फिर भी उनको लोगों की आलोचना और छींटाकशी का शिकार बनना पड़ता है, जिसके बाद वह एक बार फिर अपनी पत्नी को जंगल भेज देते हैं। और भी दुर्भाग्य देखिए उनकी प्रिय रानी को दुखद रूप से जंगल में बच्चों को जन्म देना पड़ता है। और फिर विडंबना देखिए, राम अपने ही बच्चों से युद्ध करते हैं, क्योंकि वे उन्हें नहीं पहचानते। और अंत में, जिस एक स्त्री से उन्होंने हमेशा प्रेम किया, वह सीता उनके सामने ही मृत्यु को प्राप्त होती हैं। देखा जाए तो राम की कहानी एक शोकपूर्ण कहानी है। लेकिन अगर हम उन्हें पूजते हैं, तो इसलिए क्योंकि उन्होंने अपना जीवन इस खास तरह से जिया, उन्होंने अपनी विफलताओं को भव्यता, गरिमा, साहस और धैर्य से संभाला। उनका आदर इसलिए नहीं किया जाता कि वह बाहरी दुनिया के विजेता थे, वह भीतरी जीवन के विजेता हैं, क्योंकि वह विपरीत परिस्थितियों में डगमगाते नहीं हैं। आज तथाकथित आधुनिक दृष्टि अपनाते हुए राम के जीवन में दोष ढूंढना संभव है। लोग दोष ढूंढ भी रहे है। सीता के प्रति राम के बर्ताव को स्त्री के प्रति अन्याय मान सकते हैं, या और किसी खास जाति पर केंद्रित मान सकते हैं।

## विचार

# श्रीराम जन्मोत्सव: नैतिक मूल्यों के पुनर्जागरण का अवसर"

**डा मनमोहन प्रकाश**

वर्तमान समय में जब समाज स्वार्थ, भौतिकता और नैतिक शिथिलता के दलदल में फंस रहा है, ऐसे में हमें पुनः अपने मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता है। नैतिक मूल्य—जैसे सत्यनिष्ठा, करुणा, समता, सहिष्णुता, और मानवता—किसी भी सभ्य समाज की आत्मा होते हैं। परंतु दुर्भाग्यवश, आज का परिवेश इन मूल्यों के क्षरण का साक्षी बन चुका है। जब झूठ, छल, भ्रष्टाचार, हिंसा और असमानता जैसे अनैतिक व्यवहार सामान्य होते जा रहे हों, तब यह आत्ममंथन का समय है। ऐसे विषम दौर में, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन एक आलोक स्तंभ की तरह हमारे सामने खड़ा होता है—जो न केवल पौराणिक स्मृति है, बल्कि नैतिक पुनर्स्थापना का जीता-जागता उदाहरण भी है। श्रीराम जन्मोत्सव हमें केवल उनके जन्म की पावन कथा का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह उस जीवन-दर्शन की पुनः उद्घोषणा करता है, जो मानवता को धर्म और सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम का चरित्र बहुस्तरीय है—वे पुत्र रूप में आदर्श, भाई के रूप में त्यागमूर्ति, पति के रूप में निष्ठावान, शासक के रूप में न्यायप्रिय और मानव के रूप में करुणामय हैं। उन्होंने पिता की आज्ञा को धर्म माना, और वनगमन का मार्ग इसलिए चुना क्योंकि उनका संकल्प वचनबद्धता से जुड़ा था—न केवल पिता के प्रति, बल्कि धर्म के प्रति



भी। उनका यह निर्णय आज के संदर्भ में कर्तव्य और समर्पण का उदाहरण बन सकता है। राजसिंहासन को त्यागकर भ्रातृप्रेम को प्राथमिकता देना, शत्रु में भी सद्गुणों को पहचानना, जातिगत भेदभाव को अस्वीकार कर निषादराज और शबरी से स्नेहपूर्वक व्यवहार करना, अहिल्या जैसी पीड़ित को पुनः सम्मान देना—ये केवल पौराणिक प्रसंग नहीं हैं, बल्कि आज के समाज के लिए मूल्यबोधक संकेत हैं। राम केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक चरित्र नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक नैतिक संरचना हैं। वे हमें सिखाते हैं कि विपरीत परिस्थितियों में भी संयम, विवेक और मयार्दा कैसे बनाए रखी जाए; कैसे सत्ता, लोभ और क्रोध के आकर्षणों को त्याग कर धर्म और कर्तव्य की राह पर चला जाए। उनके जीवन के अनेक प्रसंग—कैकेयी के प्रति सम्मान, भरत के साथ आत्मीयता, लक्ष्मण की भक्ति, सीता के प्रति निष्ठा, और प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व—हर संबंध को पुनः परिभाषित करते हैं। जब आज के समाज में रिश्ते स्वार्थ और संदेह के बोझ तले दबते जा रहे हैं, तब राम का जीवन संबंधों में विश्वास, पारदर्शिता और त्याग की नई ऊर्जा प्रदान कर सकता है।
राम नवमी केवल श्रीराम के अवतरण का पर्व नहीं, यह हमारी आत्मा में नैतिकता के पुनर्जन्म का क्षण है। यह हमें याद दिलाता है कि हम अपने निजी, सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में रामत्व को धारण कर सकते हैं—यदि हम सत्य के प्रति अडिग, संबंधों के प्रति ईमानदार, और समाज के प्रति उत्तरदायी बनें।
आज जब चारों ओर नैतिक संकट व्याप्त है, राम का जीवन हमारा संबल बन सकता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर हम न केवल अपने जीवन को गौरवपूर्ण बना सकते हैं, बल्कि एक ऐसा समाज रच सकते हैं जहाँ करुणा, समानता, और धर्म की ज्योति फिर से प्रज्वलित हो। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस श्रीराम जन्मोत्सव को केवल एक धार्मिक पर्व न मानें, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों के पुनर्स्थापन का सांस्कृतिक आंदोलन बनाएं। यही हमारे समय की पुकार है, और यही रामकथा का सार।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# ट्रंप टैरिफ,एआई और शेयर बाजारों का भविष्य

**विवेक रंजन**

**अप्रैल 2025 त**क वैश्विक शेयर बाजार अनेक अवसरों और चुनौतियों के बीच संतुलन बना रहे हैं। आर्थिक गतिविधियां, भू-राजनीतिक तनाव, सामाजिक रुझान और तकनीकी प्रगति मिलकर बाजार की दिशा तय कर रहे हैं, ट्रंप टैरिफ ने असामान्य स्थिति बना दी है। यह समय शेयर बाजार पर समझ चाहता है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था ए आई(कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रेरित उत्पादकता पर टिकी हुई है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, एआई 1990 के दशक जैसी तेजी का कारण बन सकता है, मुद्रास्फीति में कमी (यूके में फरवरी में 2.8 प्रतिशत) से ब्याज दरों में और कटौती की संभावना है, लेकिन अमेरिकी 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.25 प्रतिशत बनी हुई है, जिससे उधारी महंगी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों, विशेषकर यूरोप और चीन के टेक शेयरों में तेजी देखी गई है, जो वैश्विक विविधता की ओर निवेशकों के झुकाव को दशार्ता है।
अमेरिका की टैरिफ नीतियाँ और शुल्क बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रही हैं। जापान, रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास संघर्षों का प्रत्यक्ष असर सीमित रहा है, लेकिन ऊर्जा कीमतें (65-90 डॉलर प्रति बैरल) अस्थिर बनी हुई हैं। 2025 में 60 से अधिक देशों में चुनाव, व्यापार और निवेश नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। टेक और ग्रीन एनर्जी में उपभोक्ता रुचि बढ़ रही है। वरिष्ठ जन स्वास्थ्य व सेवानिवृत्ति निवेश को बढ़ावा दे रहे है। सोशल मीडिया,एआई और ईएसजी जैसे ट्रेंड निवेशकों की भावना को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। कम्प्अ्अ के 26 मिलियन डॉलर के ग्रीन फंड और ल्अछ के 62.7 बिलियन डॉलर के रक्षा सौदे सतत निवेश और सुरक्षा दोनों क्षेत्रों में विश्वास को दशार्ते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने टेक क्षेत्र में क्रांति ला दी है। मैग्निफिसेंट सेवन कंपनियाँ 2024 में 47 प्रतिशत तक बढ़ीं, जबकि एआई स्टार्टअप्स वेंचर कैपिटल डील्स का 27 प्रतिशत हिस्सा हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और रोबो-सलाहकारों ने खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाई है,
जिससे बाजार की अस्थिरता भी तेज हुई है। ब्लॉकचेन निवेश के नए अवसर दे रहे हैं। प्राम्पट इंजीनियरिंग में रोजगार बढ़ा है।

## सरकारी दफ्तर का लोटा प्रेम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सुबह-सुबह** सरकारी दफ्तर का दरवाजा किसी वृद्ध पेड़ की तरह चरमराया। एक बाबू ने गर्दन उठाई, मानो उसे भरोसा ही न हो कि कोई इतनी सुबह सरकारी दफ्तर में दाखिल होने की हिम्मत कर सकता है। दरवाजे से घुसते ही हर दिशा में फाइलों के अंबार ऐसे फैले थे, जैसे बीते जमाने की अधूरी प्रेम कहानियाँ हों—किसी ने इन्हें छूने की जुर्रत नहीं की थी। दीवारों पर टंगे सरकारी आदेश धूल से ढँके थे, जैसे वे अपनी खुद की मृत्युशैय्या पर पड़े हों। बड़ी मुश्किल से घुसते हुए रामलाल बाबू अपनी पुरानी कुर्सी पर जा बैठे। कुर्सी ने भी उनकी पुरानी दोस्ती का सम्मान किया और वैसा ही चरमराया, जैसे वह भी उनकी सुबह की परंपरा निभा रही हो। सामने मेज पर एक चमचमाता स्टील का लोटा रखा था। यह लोटा इस दफ्तर की आत्मा था। बाबुओं का कहना था कि यह लोटा पीढ़ियों से यहाँ विराजमान है, और इसकी जगह बदलना उतना ही असंभव है जितना किसी फाइल को बिना रिश्वत के आगे बढ़ाना। तभी एक नया साहब आया—ऊँची मूँछें, टाई की गाँठ इतनी मजबूत कि भरोसा न हो कि वह खुल भी सकती है। उसने दफ्तर में कदम रखते ही सबसे पहले लोटे को देखा। फिर कर्मचारियों को। फिर लोटे को। आखिर पूछ ही बैठा, "यह लोटा यहाँ क्यों रखा है?" रामलाल बाबू मुस्कराए, जैसे किसी छोटे बच्चे ने उनसे पहाड़ा पूछ लिया हो। "साहब, यह लोटा हमारी परंपरा है। यह जल का नहीं, अनुभव का प्रतीक है। इसमें पीढ़ियों का पसीना भरा हुआ है।" साहब ने अपना चश्मा ठीक किया। "मतलब?" रामलाल बाबू गला खंखारते हुए बोले, "साहब, यह लोटा हमारे दफ्तर की पहचान है। जैसे नेता जी की जुबान और वादे का कोई मेल नहीं होता, वैसे ही यह लोटा और पानी का कोई संबंध नहीं है। यह यहाँ शोभा बढ़ाने के लिए रखा गया है। इसे हटाने का मतलब है कि सरकारी कामकाज की आत्मा को ठेस पहुँचना!" साहब ने कड़क आवाज में कहा, "बकवास मत करो, इसे हटाओ!" यह सुनते ही दफ्तर में मातम छा गया। चपरासी से लेकर बाबू तक सबने लोटे को घेर लिया।

## न्यूज फ्लैश

### विकलांग सीमा देवी ने नैशनल गेम में दो गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मैडल जीतकर रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वाल्मीकि एजुकेशन** सोसायटी हरियाणा द्वारा शिव कालोनी की रहने वाली एवं गांव स्टौण्डी की विकलांग बेटी सीमा देवी ने नैशनल गेम भुवनेश्वर में फेसिंग स्पोर्ट में उड़ीसा की मालती पुनोरो को हराकर 2 गोल्ड मैडल और एक ब्रॉन्ज मैडल जीतकर प्रदेश व करनाल जिले का नाम रोशन किया। संस्था के प्रमुख संयोजक रमेश कुमार स्टौंडी ने अपनी पूरी टीम के साथ नोटों की माला डालकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया व मिठाई बांटकर सबका मुंह मीठा करवाया। उन्होंने बताया कि यह होनहार लडकी पहले भी इंटरनैशनल, नैशनल एवं स्टेट लैवल पर खेल चुकी है। विकलागंता भी उसके जोश में कोई कमी नहीं ला सकी। संस्था के सभी सदस्यों ने उसे अपनी शुभकामनाएं दी और ऐसे ही निरन्तर आगे बढने.की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ठाकुर विरेन्द्र सिंह एडवोकेट, संस्था के प्रधान मास्टर सतीश कुमार, प्रमुख संयोजक रमेश कुमार स्टौंडी, मास्टर सुशील कुमार, ममता सैनी वार्ड नंबर 17 की पार्षद, शिव कालोनी, बलबीर पूर्व पार्षद, अनिल कुमार, जयदीप चौहान, महीपाल के साथ-साथ समाज के अन्य गणमाण्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आधी रात को घरौंडा पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। केंद्रीय मंत्री एवं** करनाल के सांसद मनोहर लाल खट्टर बीती देर रात अचानक घरौंडा रेस्ट हाउस पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा भी मौजूद रहे। करनाल भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने रेस्ट हाउस में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री के पहुंचने की सूचना जैसे ही घरौंडा भाजपा कार्यकताओं को मिली, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। रेस्ट हाउस पर हुई मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर और मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी को संगठनात्मक कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने भाजपा संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा भी दी। कार्यकताओं की मेहनत और एकजुटता से ही संगठन मजबूत होता है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर देर रात करीब साढ़े 9 रेस्ट हाउस पहुंचे थे।

### मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, मुकुट बरामद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) थाना मतलौडा** की थर्मल चौकी पुलिस टीम ने थर्मल कॉलोनी में स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान महेश निवासी सुंदर नगर आसन खुर्द के रूप में हुई। थर्मल चौंकी इचार्ज सब इंस्पेक्टर सतविंदर ने बताया कि चौकी में थर्मल कॉलोनी की गीता मंदिर सभा द्वारा शिकायत देकर बताया था कि मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति पर चांदी का 850 ग्राम वजनी मुकुट लगाया हुआ था। जिस पर सोने की कोटिंग कराई हुई थी। 3 अप्रैल को मंदिर में माता रानी के कीर्तन का कार्यक्रम था। इस दौरान पता लगा की हनुमान जी की मूर्ति से मुकुट चोरी हो गया है। उन्होंने मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो 1 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे हनुमान जी की मूर्ति से एक युवक मुकुट चोरी करते दिखाई दे रहा है। मुकुट चुराने वाला संदिग्ध महेश पुत्र राजेंद्र के जैसा लग रहा है। शिकायत पर थाना मतलौडा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच व आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सतविंदर ने बताया कि थर्मल चौकी पुलिस टीम ने शुक्रवार को आरोपी महेश को काबू कर पूछताछ तो उसने मंदिर से मुकुट चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया मंदिर से चोरी किये मुकुट को वह 1 अप्रैल को बेचने के लिए पानीपत में सुनार के पास गया था।

# जस्टिस राजेश बिंदल ने गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में छात्रों से किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**




**सुप्रीम कोर्ट ऑफ** इंडिया के जस्टिस राजेश बिंदल ने आज गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, करहंस, समालखा का दौरा किया और कॉलेज के छात्रों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल ने जस्टिस राजेश बिंदल का स्वागत किया। जस्टिस राजेश बिंदल ने विधि छात्रों के साथ संवाद करते हुए अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। उन्होंने छात्रों को न्यायिक प्रणाली की बारीकियों, कानून के व्यावहारिक पक्षों, और विशेष रूप से तकनीक के उपयोग से न्यायिक प्रक्रिया में आ रहे सकारात्मक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। अपने संबोधन में जस्टिस बिंदल ने भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आईटी और कंप्यूटर तकनीक का प्रभावी उपयोग अदालतों में लंबित मामलों के निपटारे में मदद कर सकता है। जस्टिस ने छात्रों को बताया कि तकनीक के माध्यम से न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और गति दोनों लाई जा सकती है। छात्रों के साथ संवाद करते हुए जस्टिस बिंदल ने न केवल भारतीय न्याय व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला, बल्कि इसमें हो रहे तकनीकी नवाचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों को समझाया कि कैसे ई-कोर्ट्स, ऑनलाइन केस रिकॉर्ड, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, और डिजिटल फाइलिंग जैसी तकनीकें न केवल समय की बचत कर रही हैं, बल्कि न्याय तक पहुंच को भी आसान बना रही हैं। जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा कि आज के दौर में सूचना और कंप्यूटर का न्याय व्यवस्था में अत्यधिक महत्व है। उन्होंने बताया कि कोर्ट में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि अदालतों में ऑनलाइन केस रिकॉर्ड की सुविधा ने न केवल वादकारियों के लिए न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाया है, बल्कि वकीलों और न्यायाधीशों के लिए भी केस की जानकारी तक त्वरित पहुंच संभव हो पाई है। अब किसी भी मुकदमे की स्थिति, आदेश, तारीख आदि जानकारी ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गांव में दी स्वास्थ्य सेवाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत सांसद नवीन जिन्दल के निर्देश पर हल्का लाडवा के गांव जिरबड़ी में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कैम्प लगाया गया। लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए इस कैंप में एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा 86 मरीजों को अलग-अलग बीमारियों के लिए परामर्श और निःशुल्क दवाइयां दी गई । इसके साथ-साथ मोबाइल मेडिकल युनिट में ही 16 लोगों के रक्त एवं युरिन के सभी टेस्ट भी किए गए। सांसद नवीन जिन्दल के स्वस्थ कुरुक्षेत्र लोकसभा मिशन पर प्रकाश डालते हुए कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल का प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र के हर व्यक्ति तक पहुंचे। उनके द्वारा स्वास्थ्य तक पहुंचाने के अपने संकल्प को, पूरा करने के लिए मोबाइल मेडिकल युनिट का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

### आराधना मंदिर में महामाई की भक्ति चौकी आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नवरात्रि के उपलक्ष्य** में दुर्गा मां कात्यायनी के ओसिया देवी स्वरूप की भक्ति चौकी एवं गुणगान 5 अप्रैल को तीर्थस्थल इश्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में दोपहर 3 से शाम 6 बजेइ तक भक्तिभावनापूर्वक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक डा. सुमंगल अरोड़ा (पटियाला) तथा सीताराम कश्यप (कुरुक्षेत्र) महामाई का गुणगान करेंगे। भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे इस भक्ति कार्यक्रम में अनेक अति विशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तजन भी उपस्थित होंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**




हनुमान जन्मोत्सव धर्म कुंभ को लेकर पानीपत के मजदूर संगठन और पानीपत के उद्योगपतियों ने अलग-अलग बैठकर आयोजित की बैठ के अलग थी व्यक्ति अलग थी किंतु उद्देश्य सामान था। हनुमान जन्मोत्सव में सहभागिता पानीपत के समस्त उद्योगपतियों संगठन ने इंडस्ट्रियल एरिया कार्यालय निकट मॉडल टाउन में एक बैठक आयोजित की बैठक की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध उद्योगपति सुनील तुली एवं सतबीर गोयल की उन्होंने कहा की पानीपत की सभी इंडस्ट्री यूनियन एक साथ मिलकर हनुमान जी का अभिनंदन करेंगे जीटी रोड स्थित एचडी स्कूल के पास पानीपत के सेक्टर 29 सेक्टर 25 पुराना इंडस्ट्रियल एरिया और विभिन्न इंडस्टर्ययों के प्रतिनिधि एक साथ मिलकर एक बड़ा स्टॉल लगाएंगे। एवं एक भव्य कार्यक्रम वहां पर हनुमान जन्मोत्सव के स्वागत के लिए आयोजित करेंगे पुरानी इंडस्ट्रियल एरिया के नवनिर्मित अध्यक्ष वीरभान शिमला ने कहा कि हनुमान जी कलयुग के देवता हैं हनुमान जी हर युग में विराजमान है उद्योग जगत में आने वाले सभी संकटों को क्षण में हनुमान जी ही दूर करते हैं। सेक्टर 29 के पदाधिकारी श्री भगवान अग्रवाल में सुरेश काबरहा ने कहा पानीपत का उद्योग जगत हनुमान जन्मोत्सव के माध्यम से यह बताने की कोशिश करता है कि पानीपत का हिंदू समाज एकजुट है इस अवसर पर विकास गोयल स अनेजा सुरेश दुर्गा सुशील दीवान तिलक शर्मा सुमित मित्तल संजीव भारद्वाज राजेश गाबा आदि मौजूद थे । वहीं दूसरी ओर पानीपत की पावरलूम सेवा श्रमिक समिति ने श्रमिक चौपाल में अभी श्रमिकों को इकट्ठा करके ऐलान किया पूर्वांचल के मृदंग बजाकर हनुमान जी का अभिनंदन करेंगे। पूर्वांचल की कला के साथ हनुमान जी का अभिनंदन करेंगे जानू की माला जो धागे की प्रतीक है 108 जनेऊ हनुमान जी को पहनाएंगे।

### कम समय अवधि वाली किस्मों की धान लगाएं किसान: डॉ. वजीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कृषि कल्याण** विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे कम समय अवधि वाली किस्मों का चयन करें और धान की किस्म पूसा-44 की रोपाई न करें, ताकि रबी सीजन शुरू होने तक किसान को फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान धान की किस्म पूसा 44 की बजाय कम समय अवधि वाली किस्मों की धान लगाएं, ताकि फसल अवशेष प्रबंधन व जल-संरक्षण की मुहिम को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसान सीओ 51 जैसी धान की किस्में लगाएं, जो जल्द पक कर तैयार होती है। यह किस्म 108 दिनों में पक जाती है। इसके अलावा डीआरआर धान 52, 56 किस्म महज 115 दिन, एनकेआर 48 किस्म 116 दिन में पक जाती है। वहीं पीआर 126 किस्म को पकने में 123 दिन का समय लगता है। बासमती किस्मों में पूसा बासमती 1509 व 1847 को पकने में 120 दिन लगते हैं। पूसा बासमती 1692 किस्म 115 दिन में तैयार हो जाती है। इन किस्मों में सिंचाई का खर्च भी कम होता है। डा. वजीर सिंह ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन के दौरान विभाग ने 1 लाख 70 हजार हेक्टेयर जमीन पर धान की रोपाई करने का लक्ष्य रखा है।

# शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें: राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत। नगर निगम मेयर** राजीव जैन व्यापारियों से अनुरोध किया कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुसार यह व अभियान जन भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। नगर निगम की पहल पर लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित बैठक में स्वच्छता के साथ-साथ अतिक्रमण, लावारिस पशु, लावारिस शव का दाह संस्कार, चौक चौराहों की सुंदरता, सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने व्यापारियों से सुझाव मांगे और समस्याओं के बारे में जवाब दिया। व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने व्यापार भवन बनाने, लावारिश शव के दाह संस्कार का अधिकार करनाल की बजाए सोनीपत की संस्था को देने, रैन बसेरों की व्यवस्था ठीक करने, कूड़े की गाड़ी रात को भेजने, बाजारों स्ट्रीट लाइट ना जलने, सीसीटीवी कैमरे ठीक करवाकर अन्य बाजारों में भी लगवाने का सुझाव दिया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि व्यापार को सुगम बनाने और आम नागरिकों की सुविधा के लिए आपके सुझाव पर अमल किया जाएगा। बंदरों की समस्या पर कहा कि जल्दी टेंडर लगवाकर पकड़वाने की व्यवस्था की जाएगी। जिला व्यापार मंडल के चेयरमैन संजय वर्मा, महासचिव नरेंद्र धवन, संरक्षक नवीन मंगला, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सरोहा,मीडिया प्रभारी व शहरी कार्यकारी अध्यक्ष पवन तनेजा, शशिकांत भारद्वाज,जतिन डेंबला, सतीश बिन्नी, राकेश चोपड़ा, यशपाल अरोड़ा, राजेंद्र चांदना, दर्शन लाल जैन, कमल हसीजा, नरेश छाबड़ा, रामप्रकाश हुडडा, दिनेश कुच्छल, अजय गर्ग बबलू, राजकुमार शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# कम अवधि में परिपक्व होने वाली धान की किस्म की खेती करें किसान: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह** ने कहा कि किसानों को चाहिए कि वे कम परिपक्वता अवधि वाली और कम पराली उत्पादन करने वाली किस्मों की ओर रुख करें, जिससे पराली जलाने की समस्या को कम किया जा सके। राज्य ने फसल अवशेष के प्रबंधन के लिए सभी संभव उपायों की खोज की है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस दिशा में एक विकल्प, धान की कम अवधि वाली किस्मों को अपनाना, धान के पराली को खुले में जलाने पर प्रभावी नियंत्रण करना है, जिसे एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा तलाशने की भी सिफारिश की गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की मदद से सीक्यूएम ने एनसीआर राज्यों के लिए कुछ छोटी अवधि वाली किस्मों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं को कम करने के लिए पूसा-44 जैसी लंबी अवधि वाली किस्मों की खेती को हतोत्साहित करना आवश्यक है। इसके स्थान पर कम अवधि वाली और उच्च उपज देने वाली किस्मों को अपनाना चाहिए।

### एनडीपीएस एक्ट में एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंन्टी नारकोटिक** सेल की टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर मेरठ रोड नगला चौक पर स्थित दुकान पर छापामारी करके आरोपी जगबीर पुत्र जगतराम निवासी मोदीपुर करनाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 21 ट्रामाडॉल इंजेक्शन और 7 पत्ते एल्प्राजोलम नशीली गोलियाँ बरामद की गई। एंन्टी नारकोटिक सेल के इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह बताया कि आरोपी किसी के बहकावे में आकार माल बिकवाता था। आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसका दो दिन का रिमांड लिया गया है।

# चैत्र नवरात्र दुर्गा अष्टमी पर धर्मनगरी में रही रौनक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र** में चैत्र नवरात्र दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। हर बार की तरह बेटियों की संख्या की कमी को देखते हुए नवरात्रों पर दुर्गा अष्टमी के दिन कुरुक्षेत्र के विभिन्न गली मौहल्लों तथा कालोनियों में कन्या पूजन के लिए कंजकों को खोजने के लिए लोगों को मेहनत करनी पड़ी। नवरात्र दुर्गाष्टमी पर अधिकतर मां के भक्तों ने विधिपूर्वक कंजक पूजन करके अपना व्रत संपूर्ण किया, वहीं मंदिरों में देर शाम तक मां अंबे की स्तुति गूंजती रही। विभिन्न मौहल्लों तथा कालोनियों में बेटियों को कंजक बैठने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। ऐसे में कंजकें बैठने के लिए लोगों को इंतजार भी करना पड़ा। लायलपुर बस्ती, मोहन नगर, विशिष्ट कालोनी, अर्बन एस्टेट के सैक्टरों में सुबह से ही काफी श्रद्धालु आस-पड़ोस में जिस घर में बेटी है उनको घर आमंत्रित कर हलवा, पूरी, छोले का प्रसाद के साथ गिफ्ट भी देकर कंजक बैठाते नजर आए। सुनीता कोचर, नेहा अरोड़ा, मन्नत, कमलेश व सोनिया इत्यादि ने बताया कि साल में दो बार नवरात्र आते हैं। नवरात्र में माता के भक्त मनोकामना पूर्ति के लिए व्रत रखते हैं। अष्टमी के दिन व्रत पूरे होने पर माता की कढ़ाई लगाई जाती है। इसमें हलवा, पूरी, छोले का प्रसाद कंजकों को घर बुलाकर प्रसाद दिया जाता है। कंजकों को घर बुलाकर प्रसाद और उपहार दिया। कई श्रद्धालुओं ने तो झुग्गी, झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को कंजक वितरित की। कंजकों को बहुत से लोगों ने मंदिरों में भी मां का श्रृंगार, चुन्नी और चूड़ियां इत्यादि मां दुर्गा की मूर्ति को ही भेंट कर दी।

# शैक्षणिक और पेशेवर सहयोग की दिशा में एक अहम कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत , (कमाल हुसैन )



एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज, पानीपत और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज, पानीपत ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के साथ एक स्मरण-पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और पेशेवर सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हस्ताक्षर समारोह कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डां अनुपम अरोडा विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, संस्था के वरिष्ठ प्रतिनिधिगण और छात्रगण उपस्थित रहे। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य कॉमर्स और मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को कॉस्ट और मैनेजमेंट अकाउंटिंग, वित्तीय प्रबंधन, और बिजनेस एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में उच्च स्तरीय ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता प्रदान करना है। इस टङ्कव के माध्यम से छात्र उटअ के विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, और उन्हें प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के प्रति मार्गदर्शन, गेस्ट लेक्चर, प्रैक्टिकल वर्कशॉप, और इंटर्नशिप जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

**इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा**
ह्लहमारे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए यह समझोता एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे उन्हें केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट और इंडस्ट्री की व्यावहारिक समझ भी प्राप्त होगी। हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी न केवल शिक्षित, बल्कि दक्ष और आत्मनिर्भर बनें।

**संस्था के प्रतिनिधि डॉ. विधु मित्तल और डॉ. रेखा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा**
ह्लयह साझेदारी इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि हम देश के हर कोने में स्थित संस्थानों के साथ मिलकर विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की प्रोफेशनल शिक्षा और ट्रेनिंग उपलब्ध कराएं। समारोह में कॉमर्स शिक्षण संकाय से डॉ. नवीन गोयल, प्रो. पवन सिंगला, डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. दीपिका अरोड़ा, डॉ. पवन कुमार, प्रो. मनोज, प्रो. शिल्पा, प्रो. आशीष, प्रो. पूजा मौजुद रहे। उपस्थित छात्रों में इस टङ्कव को लेकर उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। उन्हें उम्मीद है कि इस सहयोग से उनके करियर को नई दिशा और बेहतर अवसर मिलेंगे।

# दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होती है: दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। फव्वारा पार्क योग** कक्षा में नवरात्रि की माता अष्टमी के दिन कंजक पूजन किया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने कन्याओं के पैर धोकर और तिलक कर उनसे आशीर्वाद लिया। बालिकाओं अनायशा, दिव्या, दारिका, हश्या, नाज, दीवित का मां दुर्गा के रूप में पूजन किया गया। अन्य शिक्षकों नीलम बटला, निधि गुप्ता, एनफ चौधरी, ज्ञान घई और सभी साधकों ने चरण धोकर कन्या पूजन किया।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि छोटी कन्याएं मां दुर्गा का स्वरूप होती हैं। नवरात्रि के समापन के दिन कंजक पूजन का विशेष महत्व है। नवरात्रों के पूरे 9 दिन मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की उपासना की जाती है। अष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की गई।

## न्यूज फ्लैश

### श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हर्ष और उल्लास से हुई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : रेलवे रोड स्थित श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हर्ष और उल्लास से हुई। नए सत्र के आगमन के साथ – साथ छात्रों और शिक्षकों के लिए नई चुनौतियां भी प्रस्तुत होती हैं। इस दवाब को कम करने के लिए सबसे पहले मां सरस्वती को नमन कर डीपी राजकुमार और अध्यापिका सविता ने बच्चों को योग और कसरत के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने और अपना स्ट्रेस कम करने के लिए उपाय भी बताए। प्रधानाचार्या श्रीमती मंजुला गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बच्चों का चौमुखी विकास करने का माध्यम होती है शिक्षा ही भविष्य का निर्माण करती है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि एक छात्र के रूप में उनका सबसे बड़ा कर्तव्य है कि वे शिक्षा प्राप्त करें और सही तरीके से अपने जीवन में लागू करें उन्होंने यह स्पष्ट किया की पढ़ाई के साथ–साथ अनुशासन भी उतना ही महत्वपूर्ण है अनुशासन में रहकर ही छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य अध्यापकगणो ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### फिम्स द्वारा दुर्गाष्टमी के शुभ अवसर पर भण्डारे का आयोजन



**सोनीपत**: दुर्गाष्टमी के शुभ अवसर पर फिम्स अस्पताल द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रबन्ध निदेशक रजत जैन ने बताया कि इस धार्मिक भण्डारे में रोगियों के अभिभावकों, ईलाज के लिये आने वाले लोगों, आमजन, निकटवर्ती औधोगिक क्षेत्र के कर्मियों, ग्रामिणों व समस्त स्टाफ के अलावा राहगीरों सहित लगभग दो हजार व्यक्तियों ने हलवा, पूरी, सब्जी व रायता का प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि फिम्स द्वारा जनसरोकार से जुडते हुये हर साल दुर्गाष्टमी के शुभ अवसर पर विशाल भण्डारा आयोजित किया जाता है। भण्डारा वितरण में फिम्स चेयरमैन आर0 पी0 जैन ने स्वंय भाग लिया। इससे पूर्व अस्पताल प्रांगण के मंदिर में नवदुर्गा स्तुति का हवन यज्ञ हुआ व प्रसाद वितरण हुआ। फिम्स का समस्त प्रबंधन, अनेक रोग विशेषज्ञ, अधिकारी व कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहें।

# शिक्षा समाज में फैली सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में मदद करती है: डा. श्रीप्रकाश

~~इतनी नेकी करो जो हमेशा सबको कुछ ना कुछ देते रहो – कविता दीदी~~

**बौद्धिक विकास**

**8 तकनीकी कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह जीवन को समझने, समस्याओं को हल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की कला है। यह एक सतत प्रक्रिया है जो न केवल तकनीकी कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देती है। शिक्षा हमें यह सिखाती है कि हम क्या जानते हैं और कैसे सोचते हैं, जिससे हम अपने और समाज के भविष्य को आकार दे सकें। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा वितरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित शिक्षा विमर्श कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा बिहारी दास चेरिटेबल ट्रस्ट के परमाध्यक्ष श्री श्री 1008 स्वामी विप्रदास, डा. श्रीप्रकाश मिश्र, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अभिमन्युपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती कमल बत्रा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डा.हवा सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीकृष्ण एवं भारत माता के चित्र पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा अष्टम में नकुल प्रथम, लखविंदर शर्मा द्वितीय, कक्षा सप्तम में विश्वजीत प्रथम, पंचम में कार्तिक प्रथम,कक्षा चतुर्थ में हनी प्रथम, तृतीय कक्षा में शिवा प्रथम, अमन द्वितीय, द्वितीय कक्षा में विश्वास प्रथम, कार्तिक द्वितीय, प्रथम कक्षा में विवेक प्रथम स्थान प्राप्त किया। नकुल, कार्तिक एवं हनी ने सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में विभिन्न विधाओं मे पुरस्कृत किये गये। विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मातृभूमि शिक्षा मंदिर के इस वार्षिक परीक्षा वितरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह मे राजकीय प्राथमिक पाठशाला खेड़ी रामनगर के छात्र एवं छात्राएं अतिथि विद्यार्थी के रूप मे उपस्थित रहे। मातृभूमि शिक्षा मंदिर एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला खेड़ी रामनगर के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथि विद्यार्थी के रूप मे उपस्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला खेड़ी रामनगर के सभी विद्यार्थियों को मिशन की ओर से पुरस्कृत किया गया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा शिक्षा का महत्व इस बात में भी है कि यह व्यक्ति के नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है। एक शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को अच्छी तरह समझता है, जिससे वह समाज में एक आदर्श नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभा सकता है। इसके अलावा, शिक्षा समाज में फैले अंधविश्वास, भेदभाव और अन्य सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में भी मदद करती है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए

## हरियाणवी संस्कृति प्रचार प्रसार के लिए सम्मानित हुए डॉ. महासिंह



**सम्मान**

**8 प्रोफेसर महा सिंह को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया एडवाइजर डॉ. अमित आर्य ने सम्मानित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : विश्व संवाद केंद्र हरियाणा, सिने फाउंडेशन हरियाणा एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के सहयोग से आयोजित हरियाणा फिल्म महोत्सव- 2025 में महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति संरक्षण एवं प्रचार प्रसार के लिए जनसंचार एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महा सिंह पूनिया को हरियाणा के मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया एडवाइजर डॉ. अमित आर्य ने सम्मानित किया। डॉ. महासिंह पूनिया ने आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा फिल्म महोत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जो न केवल हरियाणा की संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश की प्रतिभाओं को भी नई पहचान देगा। महोत्सव के पहले दिन दूसरी मास्टर क्लास हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत के योगदान विषय पर पद्मश्री महावीर गुड्डू, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक जन संचार एवं प्रौद्योगिकी संस्थान प्रोफेसर महा सिंह पूनिया और गुरुग्राम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा.मीनाक्षी श्योराण ने चर्चा की।

## अनमोल बचपन का हुआ लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोहंड: पीएम** श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड घरौंडा जिला करनाल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिला परियोजना संचालक ज्योत्सना मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस वार्षिक समारोह में सुशीला देवी (टीजीटी हिन्दी) अध्यापिका की श्रेष्ठ पांडुलिपि पुस्तक *अनमोल बचपन* का भव्य लोकार्पण समारोह के अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। मंचासीन सभी अतिथियोंगणों ने पुस्तक के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और प्रशंसा की।मंच से बधाई देते हुए ये भी बताया गया कि सुशीला देवी के काव्य




संग्रह (अनमोल बचपन) को श्रेष्ठ पांडुलिपि हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला हरियाणा की ओर से सम्मानित किया गया।सुशीला देवी की इस काव्य से पहले चार पुस्तकें छप चुकी है और ये उनकी पांचवीं पुस्तक है।

## जजपा कार्यकर्ता बीजेपी की जनविरोधी नीतियों से लोगों को करेगा अवगत: देवेंद्र

**उत्साह बढ़ाया**

**8 जल्दी ही मेहनती और कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में विभिन्न पदों के लिए जिम्मेदारी दी जाएगा: देवेंद्र**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**। सोनीपत में बहालगढ़ रोड स्थित कोजेट होटल पर जननायक जनता पार्टी की जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे पार्टी की राष्ट्रीय,प्रदेश और जिला समेत सभी कार्यकारिणीयों के पदाधिकारी मौजूद रहें ।इस मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद के चेयरमैन पार्टी जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने की और मुख्यथिति के तौर पर नवनियुक्त जिला प्रभारी देवेन्द्र कादयान ने शिरकत की, उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर सह प्रभारी संजय दलाल और मीना मकड़ौली भी पहुंची ।यहां पहुँच कर उन्होंने पार्टी के संगठन के पुर्ननिर्माण के लिए सबसे पहले जिले के सभी कार्यकताओं से विचार विमर्श किया तथा गत दिनों पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुए निर्णयों से अवगत करवाया। इस अवसर पर पार्टी के सभी कार्यकताओं ने जोश के साथ सर्वसमिति से कहा कि पार्टी हाईकमान का जो भी निर्णय होगा उसका सम्मान करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। प्रभारी देवेंद्र कादयान ने कहा कि जननायक जनता पार्टी जल्दी ही मेहनती और कर्मठ कार्यकताओं को संगठन में विभिन्न पदों के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी ।कार्यकारिणी का निर्माण होने का बाद पार्टी के एक एक कार्यकर्ता जन-जागरण अभियान के माध्यम से बीजेपी की किसान विरोधी,मजदूर विरोधी,युवा विरोधी,महिला विरोधी,कर्मचारी और व्यापारी विरोधी नीतियों को लोगों तक बतलाकर जागरूकता लाने का काम करेंगे ।उन्होंने कहा कि आज बीजेपी की सरकार देश और प्रदेश में जात पात, धर्म मजहब का जहर घोलकर समाज का सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रही है। मीटिंग में सह प्रभारी के तौर पर संजय दलाल ने कार्यकर्ताओं को जोश के साथ संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी के असली योद्धा होते है और जननायक जनता पार्टी के पास प्रदेश ही नहीं अपितु देश के सबसे ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता है ।इसके साथ मीना मकडौली ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ने सदा ही महिलाओं का राजनीति में मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत की भागीदारी महिलाओं की है।

## आरोग्य भारती कुरुक्षेत्र जिला इकाई की मासिक बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र जिला इकाई की मासिक बैठक शांति नगर में हुई संपन्न । इस बैठक में कुल 10 सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रान्त के सह सचिव व वनोषधि प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ बलकार सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुई आरोग्य भारती की संरचना व क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात कुरुक्षेत्र की



कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। कुरुक्षेत्र की अगले तीन वर्षों के लिए चुनी गई कार्यकारिणी में डॉ श्याम लाल को सरंक्षक, डॉ भूपेश वशिष्ठ को अध्यक्ष, श्रीमान शशिकांत पाठक को सचिव का दायित्व दिया गया। इसके अतिरिक्त आरोग्य भारती के विभिन्न आयामों के जिला प्रमुख भी तय किए गए। विद्यालय स्वास्थ्य प्रबोधन एवं चिकित्सा कार्य के लिए डॉ आशीष अनेजा को जिला प्रमुख घोषित किया गया। जिला पर्यावरण प्रमुख का दायित्व श्री नरेंद्र वर्मा, पूर्व पार्षद को व वनोषधि प्रचार प्रसार का दायित्व डॉ ज्योति चौहान को दिया गया। महिला कार्य के लिए डॉ प्रतिभा को मनोनीत किया गया। जिले के कोषाध्यक्ष के लिए श्री जसवीर सैनी मनोनीत किए गए। चिकित्सा विद्यार्थी कार्य की जिम्मेदारी डॉ प्रेरित को सौंपी गई। पुनर्गठन के साथ ही आगामी माह में किए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा हुई।

**चर्चा**

**8 इस बैठक में प्रान्त के सह सचिव व वनोषधि प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ बलकार सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ**

## जला पुलिस ने स्कूटी चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र**: जिला पुलिस ने स्कूटी चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में क्राइम ब्रांच शाखा–1 की टीम ने स्क्रैच चोरी करने के आरोप में कार्तिक भीम वासी सैक्टर- 3 कुरुक्षेत्र को गिरफ़्तार चोरी शुदा रिकॉर्ड बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 1 अप्रैल 25 को थाना सदर थाने की पुलिस को शिकायत मिली थी कि नरेश कुमार निवासी सैक्टर –3 कुरुक्षेत्र ने बताया है कि दिनांक 31 मार्च 25 को उसका कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके



ले गया है। अन्य शिकायत पर थाने सदर थाने में मामला दर्ज कर जांच की गई। बाद में मामले की जांच में समुद्र तट शाखा–1 को जारी किया गया। दिनांक 29 मार्च 2025 को क्राइम डोमिनिक ब्रांच–1 के प्रभारी सुपरवाइजर सुरेंद्र कुमार सुदेश के निर्देश–निर्देश में उप–ऑब्जर्वर, नरेश कुमार, पी कमिश्नर जसबीर सिंह, मुख्य सिपाही पवन कुमार और संदीप कुमार की टीम ने बास्केटबॉल शाखा–1 के प्रभारी सुपरवाइजर सुरेंद्र कुमार सुदेश- 3 को गिरफ्तार कर लिया। फैक्ट्री से चोरी शुदा स्कूटर बरामद हुई।

## किशोर संदिग्ध हालत में लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में एसओएस यूथ होम से एक 15 वर्षीय किशोर लापता हो गया। एसओएस यूथ होम में उप अधीक्षक रूप कुमार ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने किशोर की तलाश शुरू कर दी है। रूप कुमार ने पुलिस को बताया कि दो अप्रैल को मोहित खेलने के लिए बाहर गया था, लेकिन वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिला। जब अन्य बच्चों से पूछताछ की गई, तो शुभम ने बताया कि उसने मोहित को रेलवे स्टेशन पर छोड़ा था और मोहित अमृतसर जाने की बात कर रहा था। मोहित जेकेपी इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था।

## रामबिलास ने चोरियों को लेकर डीएसपी से की बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने शहर के परशुराम चौक स्थित मार्केट में हुई चोरियों को लेकर व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर मुलाकात की। गत रोज परशुराम चौक के सुनील कुमार गोयल के श्री श्याम फार्मा, शिवकुमार मेहता की कपड़े की दुकान एवं दीप मैचिंग केंद्र में चोरों ने रात्रि शटर उखाड़कर लाखों रुपये की चोरी कर ली। इस संबंध में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने नारनौल हेड क्वार्टर के डीएसपी हरदीप सिंह से दूरभाष पर बात कर जल्दी चोरों को



पकड़ने का अनुरोध किया। इस पर डीएसपी हेडक्वार्टर हरदीप सिंह ने पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा को आश्वस्त किया कि शहर में हुई इन चोरिया के चोरों को जल्द ही पकड़कर चोरी का सामान बरामद की जाएगी। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने व्यापारियों को विश्वास और भरोसा दिलाया कि व्यापारियों के साथ कोई भी घटना होती है तो व्यापारी अपने आप को अकेला ना समझे वे व्यापारियों की हर संभव मदद के लिए तैयार है। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने लोकसभा में हरियाणा में बनने वाली आईआईटी महेंद्रगढ़ के सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बनाए जाने की वकालत करने पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह का आभार जताया। शर्मा ने कहा कि चौधरी धर्मवीर सिंह ने लोकसभा में महेंद्रगढ़ के पाली सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आईआईटी बने इसको लेकर जोरदार तरीके से मांग उठाई है।

**कार्रवाई की मांग**

**8 चौक स्थित मार्केट में हुई चोरियों को लेकर व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर मुलाकात की**

## प्राकृतिक आपदा के कारण महाराजा अग्रसेन महल दब गया था...

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार**- वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग उपरांत अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अग्रोहा प्राचीन टीलें पर खुदाई के काम का निरिक्षण किया और भारतीय पुरातत्व विभाग चंडीगढ सर्कल के उपनिदेशक डिप्टी डायरेक्टर डा. बनानी भट्टाचार्य व डा. अंकित प्रधान से टीलें की खुदाई की जानकारी ली और खुदाई 6 फूट तक हो चुकी है। बजरंग गर्ग ने टीलें की खुदाई का निरीक्षण करने पर कहा कि अग्रोहा प्राचीन टीला जो पहले 125 एकड़ में महाराजा अग्रसेन



जी का महल होता था। अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी धर्मनगरी थी। अग्रोहा टीलें में महाराजा अग्रसेन जी की यादें जुड़ी हुई है। टीलें की खुदाई में बेसुमार कीमती समान मिलेगा जबकि 23 दिन की टीलें की खुदाई में अनेकों साम्रगी मिली है। यहां तक की 28 ईंटों की दिवारे, पत्थर, मनके की माला, सीढियां, मिटी के खिलौने, कुलड, बर्तन, कलाकृति पत्थर आदि समान मिलने से सिद्ध हो जाता है कि खुदाई में बेसुमार कीमती समान मिलेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा टीलें की पहले 1937-38 व 1978 से 1981 तक दो बार सरकार ने खुदाई करवाई थी। उस समय भी भारी मात्रा में कीमती साम्रगी निकली थी। जिसमें सिक्के, पत्थर की मुर्तियां, मुहरें, बर्तन, लोहे, तांबे के उपकरण, कई लेर की ईंटों की अनेकों दिवारे आदि निकली थी। अग्रोहा टीलें में इतिहास का भण्डार दबा हुआ है जबकि प्राकृतिक आपदा के कारण महाराजा अग्रसेन जी महल दब गया था और इस टीलें की खुदाई में महाराजा अग्रसेन जी का खजाना मिल सकता। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा टीलें कि खुदाई से क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा। टीलें की खुदाई महाराजा अग्रसेन जी के इतिहास को उजागर करने के साथ-साथ पर्यटन और ऐतिहासिक स्थल के रूप में विकासित होगा। अग्रोहा शहर तक्षशिल और मुथरा के बीच प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित था। यह फिरोज शाह तुगलक 1351-88 ईस्वी की नई बस्ती हिसार-ए-फिरोजा 1354 ईस्वी के अस्तित्व में आने तक वाणिज्य और राजनितिक क्षेत्र रहा है। खुदाई शुरू होने से पहले संभावित क्षेत्रों में जीपीआरएस (ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार) सर्वेक्षण करवाया गया।

**निरीक्षण**

**8 राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अग्रोहा प्राचीन टीलें पर खुदाई के काम का निरीक्षण किया और जानकारी ली**

## प्रो. के.आर. अनेजा ने सिंगापुर सम्मेलन में जिबाट्रियनथ पर शोध पत्र प्रस्तुत किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : डॉ. के.आर. अनेजा, पूर्व प्रोफेसर और अध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने 25 से 27 मार्च 2025 के बीच आयोजित सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन एक अमेरिकी संगठन द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें दुनिया के विभिन्न देशों के कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने भाग लिया था। उन्होंने अपने अल्मा मेटर में एक नए बायोहर्बिसाइड "गिबट्रियनथ" पर किए गए काम पर बात की, जो एक कवक-आधारित उत्पाद है: गिब्बागो ट्रायंथेमे, जिसे हॉर्स पर्सलेन



(ट्राइएनथेमा पोटुर्लाकैस्ट्रम) को नियंत्रित करने के लिए विकसित किया गया है, जो कई भारतीय फसलों में एक कुख्यात कृषि खरपतवार है, जो रासायनिक शाकनाशी के प्रतिस्थापन के लिए है, ताकि रासायनिक मुक्त जैविक खाद्य पदार्थों का उत्पादन किया जा सके। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और अमेरिकी वैज्ञानिकों/आयोजकों ने बधाई दी। गिब्बाट्रियनथ विश्व स्तर पर हॉर्स पर्सलेन को नियंत्रित करने के लिए विकसित पहला और एकमात्र माइकोहर्बिसाइड है। दुनिया भर में हॉर्स पर्सलेन को नियंत्रित करने के लिए गैर-रासायनिक शाकनाशी, गिब्बाट्रियनथ के व्यावसायिक उपयोग की बहुत गुंजाइश है, ताकि कैंसरकारी रसायनों से मुक्त जैविक खाद्य पदार्थ प्राप्त हो सकें। प्रो. अनेजा की इच्छा है कि वे इस गिब्बाट्रियनथ फॉर्मूलेशन का व्यवसायीकरण करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक घरानों के साथ सहयोग करें।

# जीवन में कामयाब होने के लिए ड्रग व एंड्रॉयड मोबाइल से बनाए दूरी: अमोघ लीला प्रभु

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। दिल्ली, द्वारका इस्कॉन** के उपाध्यक्ष अमोघ लीला प्रभु ने कहा कि अगर युवा अपने जीवन में कामयाब होना चाहते हैं तो पढाई के दौरान ड्रग व मोबाइल से दूरी बना ले। उन्होंने कहा अमेरिका के 28 प्रतिशत युवा स्नातक है, जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय 78 प्रतिशत स्नातक है। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में में ड्राइव अगेनेस्ट ड्रग्स पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता दिल्ली, द्वारका इस्कॉन के उपाध्यक्ष अमोघ लीला प्रभु जी थे। दिल्ली, द्वारका इस्कॉन के उपाध्यक्ष लीला ने कहा कि हमारा देश सबसे तेजी से विकास कर रहा है। हमारे देश की सेना विश्व की सबसे बड़ी सेना है। हमारी सेना की संख्या लगभग 18 लाख है। देश की सीमा की रक्षा करने के लिए हरियाणा के नौजवान सबसे ज्यादा सेना में जाते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व चीन हमारे युवाओं को ड्रग्स के माध्यम से कमजोर करना चाहता है। ताकि हमारी युवा न तो सेना में भर्ती होने लायक रहे और न ही पढ लिखकर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकें। इस्कॉन के लीला प्रभु जी ने कहा कि हमारे देश के 43 प्रतिशत युवा नौकरी के पात्र नहीं है,कारण है कि वे गंभीरता के साथ अध्ययन नहीं करते हैं। दोस्तों के चक्कर में शुरू में ड्रग लेना शुरू कर देते हैं,जिसके कारण वे ज्यादा सफल नहीं हो पाते हैं। असफल होने पर और भी ज्यादा ड्रग लेना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के स्वास्थ्य पर तो विपरीत असर पड़ता ही है, इसके साथ साथ देश के विकास में युवा अपना योगदान नहीं दे पाते हैं। इस्कॉन के लीला प्रभु जी ने कहा कि जब से एंड्रॉयड मोबाइल आया है, तब से विद्यार्थियों का ध्यान फेसबुक पर ज्यादा रहता है,जिसके कारण उनके फेस के सामने बुक आ ही नहीं पाती। मोबाइल पर रील, यूट्यूब व इंस्टाग्राम को स्क्राल करते रहते हैं। जो समय उनके किताब के पन्नों को पढाई के लिए पलटने का है। अगर युवा जीवन में कामयाब होना चाहते हैं तो बटन वाला मोबाइल फोन ले व ड्रग्स से दूरी बना कर रखें।

# संपादकीय लेखन प्रतियोगिता 'का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आई.बी. स्नातकोत्तर** महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में एमकॉम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए रूहानी शर्मा के निर्देशन में 'संपादकीय लेखन प्रतियोगिता 'का आयोजन किया गया। आईबी महाविद्यालय में क्लास एक्टिविटी का प्रचलन है इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए यह प्रतियोगिता की गई ।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल को बढ़ावा देना और उन्हें समसामयिक मुद्दों पर अपनी सोच व्यक्त करने का मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में 7 विद्यार्थियों ने 'ए आई पर अत्यधिक निर्भरता' तथा 'प्रतिभा प्रबंधन 'विषय पर अपनी लेखनी




के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए। लेखो की मौलिकता, भाषा शैली और विषय की गहराई के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया । प्राचार्या डॉ. शशी प्रभा मलिक कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक होती है ।ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों को अपनी सोच को निखारने और विचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'संपादकीय लेखन' केवल लेखन कला ही नहीं ,बल्कि समाज की दिशा और दशा को प्रभावित करने का एक सशक्त माध्यम है ।

## न्यूज फ्लैश

### स्पीकर आज घरौंडा के गांवों में जन संवाद कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत और सुनेंगे समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण 6 अप्रैल को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव रसूलपुर कलां, रांवर, ऊंचा समाना, पनौड़ी, जमालपुर, संजय नगर और कलहेड़ी में जन संवाद कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और मौके पर समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान वे प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार चुने जाने पर ग्रामवासियों का धन्यवाद करेंगे, दौरे के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उनके साथ रहेंगे। स्पीकर हरविंद्र कल्याण प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 6 अप्रैल रविवार को प्रातः साढे 9 बजे गांव रसूलपुर कलां, सवा 10 बजे रांवर, दोपहर 12 बजे ऊंचा समाना, बाद दोपहर 3 बजे पनौड़ी, पौने चार बजे जमालपुर, सांय साढे 4 बजे संजय नगर तथा साढे 5 बजे कलहेड़ी में जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचेंगे और जनता का धन्यवाद करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे।

### पुराने बस स्टैंड पर मिला शव, जेब से मेडिकल स्लिप मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के पुराने बस** स्टैंड के पास बीती देर शाम एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिला। व्यक्ति शाम 5 बजे से वहीं पड़ा था, लेकिन देर रात जब लोगों ने उसे देखा तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से एक मेडिकल पर्ची बरामद की, जिस पर नाम शक्ति और मोबाइल नंबर लिखा था। पुराने बस स्टैंड पर शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान शव के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। इसके बाद जब मृतक की जेबों की तलाशी ली गई तो एक मेडिकल पर्ची मिली, जिस पर शक्ति नाम और एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। पुलिस ने उसी नंबर पर कॉल किया। मोबाइल कॉल मृतक के भतीजे ने उठाया। उसने जब सुना कि कोई शक्ति नाम का व्यक्ति पुराना बस स्टैंड के पास मृत मिला है तो वह तुरंत मौके पर पहुंचा। उसने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अपने चाचा शक्ति के रूप में की। मृतक शक्ति सदर बाजार, करनाल का रहने वाला था। सिटी थाना करनाल से जांच अधिकारी एसआई इलम सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त हो चुकी है और शव को कब्जे में लेकर मॉच्युरी हाउस करनाल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक दृष्टि से यह नेचुरल डेथ लग रही है, लेकिन मौत के असली कारण का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। मृतक की जेब से जो पर्ची मिली, वह किसी मेडिकल स्टोर या डॉक्टर की पर्ची थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह बीमार था और इलाज करा रहा था। परिजनों ने भी बताया कि शक्ति कुछ दिन से तबीयत खराब होने की बात कह रहा था। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शक्ति कब और कैसे यहां पहुंचा और क्या किसी के साथ था।

### महर्षि कश्यप जयंती पर विधायक कादियान का सम्मान

**गन्नौर। शनिवार को** पुरखास और शेखपुरा गांव में महर्षि कश्यप जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। गांव पहुंचने पर कश्यप समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक ने महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कादियान ने कहा कि महर्षि कश्यप सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य है कि हम अपने महापुरुषों के बलिदान और त्याग को याद रखें। संतों के मार्ग पर चलकर ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने समाज में अगवानपुर के सरपंच मंजीत कुमार, बिल्लू कश्यप, ओमप्रकाश सिंह, ओमपाल कश्यप, रामकिशन, रामा, हवासिंह, मुकेश, चंद्रभान, चांद और महेंद्र मौजूद रहे।

# फैक्ट्री में घुसे तीन बदमाश, गार्ड को बनाया बंधक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। घरौंडा स्थित** आहुजा फिलिंग स्टेशन के पास अधृत फूड काजू फैक्ट्री में बीती रात तीन बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दो बदमाशों ने गार्ड को चाकू दिखाकर बंधक बना लिया, जबकि तीसरा खिडकी तोडकर दफ्तर में घुसा और अलमारी से पैसे चुरा लिए। जाते समय बदमाश गार्ड का मोबाइल फोन भी ले गए। फैक्ट्री मालिक गौतम गर्ग ने थाना घरौंडा में शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। घरौंडा निवासी फैक्ट्री



मालिक गौतम गर्ग ने बताया कि रात करीब सवा 12 से साढे 12 बजे के बीच तीन बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और विंडो तोडकर अंदर घुस गए। अलमारी में फैक्ट्री के रोजाना के लेन-देन के करीब 40 से 50 हजार रुपए रखे थे। पूरी वारदात बहुत सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई। तीनों बदमाश कुछ ही मिनटों में चोरी करके फरार हो गए। गौतम गर्ग ने बताया कि पैसे चुराने के बाद बदमाश जाते-जाते फैक्ट्री गार्ड केवल सिंह का मोबाइल फोन भी साथ ले गए, गार्ड किसी को सूचना न दे पाए। गार्ड के पास कोई अन्य साधन नहीं था फैक्ट्री मालिक या पुलिस को तुरंत सूचित कर पाता। कुछ समय बाद जब फैक्ट्री मालिक पहुंचे तो पूरी घटना की जानकारी मिल पाई।
घटना के तुरंत बाद फैक्ट्री मालिक गौतम गर्ग ने घरौंडा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में यह पहली बार ऐसा हुआ है और इससे कर्मचारियों में भी डर का माहौल बन गया है। उन्होंने पुलिस से गुहार लगाई कि वारदात की गहराई से जांच की जाए और जो लोग इसमें शामिल हैं उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए। फैक्टरी मालिक की शिकायत पर घरौंडा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एसआई रमेश ने बताया कि गौतम गर्ग पुत्र सुशील कुमार निवासी घरौंडा की दरख्वास्त पर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।

# नीतू दहिया ने सफाई एवं मरम्मत कार्य का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत सड़क** सुरक्षा संगठन सोनीपत के अनुरोध पर वार्ड नंबर 20 की पार्षद नीतू दहिया ने मौके पर पहुंच कर



नंदी चौक की सफाई एवं मरम्मत कार्य का जायजा लिया। इसके अलावा शनि मंदिर वाले रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे रोशनी गड्ढे सफाई सीवर लाइन की कमी को दूर करने बारे भी सड़क सुरक्षा संगठन के संयोजक संदीप बत्रा जी से विचार विमर्श किया। इसके बाद सुभाष स्टेडियम के सामने टूटे हुए डिवाइडरों की मरम्मत एवं रिफ्लेक्टर लगवाने का आश्वासन दिया। इसके सामने बी डी ओ कार्यालय के पास पिछले कुछ महीनों से वाटर सप्लाई विभाग द्वारा छोड़े गए कार्य को निपटाने के बाद निरीक्षण किया। इसके अलावा छोटू राम धर्मशाला में आम जनता को पेंशन वेरीफाई करने के किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो स्टाफ सदस्यों एवं जनता से हाल चाल जाना।

# अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए निरंतर चौकिंग अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला खनन** अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसआई राजेश, एएसआई संदीप तथा खनन रक्षक रोहताश की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान अनाज मंडी इंद्री के पास से एक 20 टायर वाले ट्रक को पकड़ा जो अपनी क्षमता से 24 मीट्रिक टन अधिक भरा हुआ था। इस वाहन को पुलिस लाइन करनाल में विभाग की टीम द्वारा सीज किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहत, खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार विभागीय टीम पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान किसी

# डॉ. वसुंधरा होम्योपैथी द्वारा विश्व होम्योपैथी सप्ताह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : डॉ. वसुंधराज** होम्योपैथी द्वारा नव उद्घाटित एडवांस होम्योपैथिक हेल्थ केयर सेंटर में विश्व होम्योपैथी सप्ताह मनाया जा रहा है। यह आयोजन 6 अप्रैल 2025 रविवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन का जन्म दिवस 10 अप्रैल को देश-विदेश में वर्ल्ड होम्योपैथी डे के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 6 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जहां लोग



अपनी स्वास्थ्य जांच करवा सकेंगे और होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। डॉ. वसुंधरा ने जानकारी दी कि इस स्वास्थ्य शिविर को ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र और वैली पब्लिक स्कूल, एमडीसी सेक्टर 5, पंचकूला का सहयोग प्राप्त हुआ है। मधुसूदन बवेजा, अध्यक्ष - ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट और डॉ. एस. उमामहेश्वरी, प्राचार्या - वैली पब्लिक स्कूल समाज के वंचित वर्ग के उत्थान हेतु विज्ञान और शिक्षा के समर्थक हैं। वैली पब्लिक स्कूल के मुख्य निर्देशक, पूर्व आइ ए एस, आरएस मलिक के मार्गदर्शन से डॉ. वसुंधरा स्कूल सेक्टर 5 पंचकूला में यह कैंप लगाया जा रहा हैं। कार्यक्रम में रोहन मेहरोत्रा, विजय चिलाना, दिशा चिलाना, संजीव गुप्ता एवं भूपेंद्र वर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# अवैध रूप से पनप रही कॉलोनी के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला नगर** योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस निसिंग में गोंदर रोड पर लगभग 9 एकड़ में गणेश राइस मिल में स्थित एक अवैध कॉलोनी के विरुद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही की गई, जिसमें 10 डीपीसी, सीवरेज नेटवर्क एवं सभी कच्ची सडकों को ध्वस्त किया गया। कार्यालय की टीम मौके पर उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त थाना निसिंग की पुलिस फोर्स व ड्यूटी मजिस्ट्रेट, निसिंग के नायब तहसीलदार भी मौके पर उपस्थित रहे।

# सोहला राजस्थान बार्डर तक मार्केटिंग बोर्ड की सड़क को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण के लिए सांसद ने लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर में बालवान** ट्रैक्टर एजेंसी से सोहला राजस्थान बार्डर तक की मार्केटिंग बोर्ड की सड़क को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने पत्र लिखा है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि बालवान ट्रैक्टर एजेंसी से सोहला राजस्थान बार्डर तक मार्केटिंग बोर्ड की सड़क है। ये सड़क छह किलोमीटर लंबी है। इसकी चौड़ाई छह करम के पैमाने को पूरा करती है। इसके साथ लगते लगभग आधा दर्जन गांवों की पंचायतों ने सांसद के नाम सौंपे, अपने मांग पत्र में निवेदन किया था कि चूंकि ये सड़क छह करम के पैमाने को पूरा करती हैं। इसलिए बेहतर रख-रखाव व अधिक मजबूत नव निर्माण के लिए इस सड़क को मार्केटिंग बोर्ड से हस्तांतरित करवाकर लोक निर्माण विभाग को सौंपा जाए। संदीप मालड़ा ने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड के ठेकेदार की रखरखाव की अवधि भी जनवरी 2024 में पूरी हो गई बताई गई है तथा चौड़ाई का पैमाना भी पूरा होने की वजह से इसके हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की कोई टेक्नीकल अडचन नहीं है। इसी विषय को लेकर उन्होंने दिल्ली निवास पर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात कर आधा दर्जन पंचायतों का सामूहिक मांग पत्र सौंपा था। इस पर सांसद धर्मबीर सिंह ने अपनी सैद्धांतिक सहमति देते हुए इस विषय को लेकर मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश आहूजा आईएएस को पत्र लिखकर इस सड़क को लोक निर्माण विभाग को जल्द जल्द-से-जल्द हस्तांतरण की प्रकिया को पूरा करने बारे लिखा है। साथ ही लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इन चीफ को भी पत्र लिखकर इस बारे सही आवश्यक प्रकिया पूरी करके इसका नव निर्माण एवं रख-रखाव लोक निर्माण विभाग की पॉलिसी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

# घरौंडा, असंध व इंद्री अनाज मंडियों में हो रही सरसों की निरंतर खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि अनाज मंडी घरौंडा, असंध व इंद्री में सरसों की निरंतर खरीद की जा रही है। उपायुक्त ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दें। उन्होंने किसानों से सरसों सुखाकर मंडी में लाने की अपील की ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों। आढ़तियों को बारदाने को लेकर सम्बंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे, ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि अब तक सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 3462 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। सरकार द्वारा सरसों का 5950 रुपए प्रति क्विंटल सरकारी रेट निर्धारित किया गया है। कोई भी किसान मंडी में आकर अपनी फसल टोकन कटवाकर बेच सकता है। उन्होंने बताया कि अब तक घरौंडा अनाज मंडी में 2200 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा की गई।

# आर्यन की हत्या की वारदात का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पानीपत पुलिस ने मांडी गांव निवासी किशोर आर्यन की हत्या की वारदात का पदार्फास कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान युकेश निवासी मांडी व प्रदीप उर्फ प्रिंस निवासी राजपुरा सोनीपत के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार की टीम ने विभिन्न पहलुओं पर सघंन



जांच करते हुए आर्यन की हत्या की वारदात का पदार्फास कर शुक्रवार देर शाम दोनों आरोपियों को डाहर चौक के पास से काबू किया। विदेश में बैठे चचेरे भाई ने प्रोपर्टी हड़पने के लिए साजिश रचकर हत्या करवाई थी पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक आर्यन का चचेरा भाई साहिल करीब 2 साल पहले डोंकी से अमेरिका गया था। विदेश में बैठे साहिल ने आर्यन के परिवार की प्रोपर्टी हड़पने के लिए उसके पूरे परिवार को खत्म करने की साजिश रची और गांव निवासी आरोपी युकेश को 10 लाख रूपए व एक एकड़ जमीन का प्रलोभन देकर आर्यन व उसके परिवार की हत्या करने के लिए उसे तैयार किया। आरोपी युकेश ने आगे अपने भूभेरे भाई सोनीपत के राजपुरा निवासी आरोपी प्रदीप व उसके दोस्त आरोपी निखिल उर्फ निकू निवासी राजपुरा को हत्या करने के लिए तैयार किया। आरोपी प्रदीप व आरोपी निखिल उर्फ निकू 26 मार्च को एक बाइक पर सवार होकर मांडी गांव में आए, और मांडी से बांध गांव की सड़क किनारे गेहूं के खेत में आर्यन पर चाकू से ताबड़तोड़ वारकर उसकी हत्या कर मौके से भाग गए थे। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ उनका अगला टारगेट आर्यन का भाई व उसकी मां थी। आरोपी युकेश का पहले भी आपराधिक रिकार्ड रहा;
आरोपी युकेश का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी के खिलाफ चोरी की वारदात का रोहतक के सिविल लाइन थाना में एक अभियोग दर्ज है। आरोपी युकेश मामले के शिकायतकर्ता को भी नुकशान पहुचाना चाहता था। पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपी युकेश अपनी गैंग बनाने की प्लानिंग कर रहा था। गैंग बनाकर आरोपी फिरौती व धमकी देने की वारदात को अंजाम देना था।

# 3 किलो 100 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस** टीम ने सेक्टर 25 स्थित ट्रक युनियन के नजदीक नाला पुलिया पर एक नशा तस्कर को 3 किलो 100 ग्राम गांजा (नशीले पदार्थ) समेत काबू किया। आरोपी की पहचान रमेश उर्फ रिंकू निवासी रामपुरा कॉलोनी काबड़ी के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी पर अंकुश लगा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम को शुक्रवार देर शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की एक युवक मादक पदार्थ लेकर सेक्टर 25 स्थित जिमखाना कल्ब की और से ट्रक युनियन की तरफ आएगा। पुलिस टीम ने सेक्टर 25 स्थित ट्रक युनियन के नजदीक नाला पुलिया पर नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात पुलिस टीम को जिमखाना की और से एक युवक हाथ में प्लास्टिक का कट्टा पकड़े पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रमेश उर्फ रिंकू पुत्र नरेंद्र निवासी रामपुरा कॉलोनी काबड़ी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ योगिंद्र मान की मौजूदगी में युवक के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो गांजा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 3 किलो 100 ग्राम पाया गया।

# जिला कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओं में दिखा एकता का जोश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस पार्टी दिल्ली में चुनाव बेशक हार गई, लेकिन प्रदेश संगठन पूरे तन मन से अपने कार्य में जुटा हुआ है। इसी के चलते जिला स्तर की लगातार होने वाली मासिक बैठक भी यथावत चल रही हैं। इसी तरह करावल नगर जिला कांग्रेस की बैठक जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में जिला ऑब्जर्वर पी के मिश्रा, लक्ष्मण रावत ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। सभी ने अपने-अपने संबोधनों में मौजूदा सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा कि जोर-शोर से डबल इंजन की सरकार होने के फायदे गिनाने वाली सरकार दो महीने से कभी पहले की सरकार







पर ठीकरा फोड़ती दिख रही है, तो कभी फंड ना होने की बात कहकर योजनाओं को टालती आ रही है। लेकिन सरकार में बैठे लोग शायद यह भूल जा रहे हैं कि योजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार में प्रतिबद्धता का होना बहुत जरूरी है। जो भाजपा सरकार में दिखाई नहीं दे रही। हां नफरती सोच का भाव जरूर भाजपा को दूसरी पार्टियों से बहुत आगे रखता है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण कपिल मिश्रा हैं। दंगों में जिनकी संलिप्तता को देखते हुए कोर्ट ने उन पर एफआईआर करने के आदेश तक देने पड़े हैं। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने संबोधन में हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ सभी जिलाध्यक्षों की हुई बैठक का जिक्र करते हुए बताया कि हमारे अध्यक्ष और राहुल गांधी ने जिस तरह से चुनावी उम्मीदवारों को तय करने में जिलाध्यक्षों की सलाह ली जाएगी हम उसी तर्ज पर ब्लॉक अध्यक्षों की भी भूमिका तय करने जा रहे हैं।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर विपक्ष फैला रहा भ्रम: जगदंबिका पाल

**नई दिल्ली। वक्फ** संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पास हो गया है। इस पर लोकसभा में 12 घंटे और राज्यसभा में करीब 14 घंटे की चर्चा हुई। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही यह कानून बन जाएगा।

विधेयक के संशोधनों पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने भी 118 घंटे से ज्यादा चर्चा की। जेपीसी के अध्यक्ष एवं भाजपा के लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल ने बताया कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में बहुत कम विधेयकों पर इतनी लंबी चर्चा हुई है।

# दिल्ली की 2 करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना विधानसभा की जिम्मेदारी: गुप्ता







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि अध्यक्ष की कुर्सी बड़ी है, इसलिए जिम्मेदारी भी बड़ी है। मेरी कोशिश रहती है कि दिल्ली की 2 करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली विधानसभा का सदन, दिल्ली की जनता ने अपने लिए चुनकर भेजा है। दिल्ली के कोने-कोने से जो 70 विधायक चुनकर आए हैं, हमारा काम है कि विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा हो, विचार-विमर्श हो और उनके समाधान निकाले जाएं। गुप्ता ने यह भी बताया, "मेरा एक ही प्रयास रहता है कि सदन व्यवस्थित रूप से चले। सदन में विचार-विमर्श हो। पिछली बैठक में 28 घंटे की बहस हुई, जिसमें जनता की कई समस्याओं के समाधान निकले। यही समाधान हमें जनता तक पहुंचाना है।

यह संबोधन विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी, सेक्टर-9 स्थित विनोबा कुंज अपार्टमेंट्स के निवासियों द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में दिया। इस समारोह में सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निवासियों ने श्री गुप्ता का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया और उन्हें उनके निर्वाचन क्षेत्र में सेवाओं की सराहना स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैं इस आत्मीय स्वागत और विनोबा कुंज अपार्टमेंट्स के निवासियों द्वारा दिए गए अपार समर्थन का अत्यंत आभारी हूँ। श्री गुप्ता भाषण देते समय भावुक हो गए उन्होंने कहा विनोबा कुंज मैं कई सालों से रह रहा हू, यह मेरा परिवार है। मेरे बच्चे यहां बड़े हुए। उन्होंने निवासियों के अटूट विश्वास के प्रति आभार व्यक्त किया और अपनी नई जिम्मेदारी में ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सेवा करने के संकल्प को दोहराया।

# कांग्रेस कार्यकर्ता हर बूथ पर संगठन को मजबूत बनाने की अहम भूमिका निभाता है: यादव

### दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों में संगठन मजबूती और आगामी रणनीति के लिए मासिक बैठकें हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन मजबूत स्थिति में है और कांग्रेस कार्यकर्ता हर बूथ पर संगठन को मजबूत बनाने की अहम भूमिका निभाता है। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली के सभी 14 जिला में मासिक बैठक आयोजित की गईं, जिसमें 258 ब्लाक अध्यक्षों, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों, जिला व ब्लाक पदाधिकारी, पूर्व निगम पार्षद, अग्रिम संगठन युवा कांग्रेस, महिला





कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई सहित सभी सेल एवं विभागों के चेयरमैन व पदाधिकरी भी जिला बैठकों में शामिल हुए। यादव ने रोहिणी जिला की बैठक में दिल्ली के जिला अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि 3 अप्रैल को कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में जिला अध्यक्षों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि संगठन जिला अध्यक्षों की भूमिका और उनके पद को अहमियत देते हुए जिला अध्यक्षों को अधिक मजबूत बनाने की तैयारी कर रहा है। यादव ने कहा कि संगठन में जमीनी स्तर पर काम करने वाले, समर्पित भाव से संगठन में सेवा करने वाले को विशेष ध्यान दिया जाऐगा और उन्हें संगठन में सहभागी भी बनाकर अहम जिम्मेदारी भी सौंपी जाऐंगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की टीम बनाने के लिए जिला अध्यक्ष सभी ब्लाक अध्यक्षों से समन्वय स्थापित करके काम कर रहे है। बूथ को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष अपने अंतर्गत ब्लाक और कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव को जीतने की रणनीति के तहत कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि खाली हुए 12 निगम वार्डों में आगामी निगम उप चुनावों के लिए दिल्ली के उन वार्डों की विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं और नेताओं को कमर कस काम करना होगा।

# नवरात्र के उपरांत खेतड़ी एवं मूर्तियों के सम्मानजनक विसर्जन हेतु केशव पुरम जोन ने चलाया विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली नगर निगम** के केशव पुरम जोन द्वारा नवरात्रि के उपरांत एक विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत क्षेत्रवासियों से निवेदन किया गया कि वे खेतड़ी एवं मूर्तियों को किसी नदी, नाले या खुले स्थान पर न विसर्जित करें। इसके स्थान पर निगम ने क्षेत्र के लगभग 300 मंदिरों में दो-दो नीले ड्रम रखवाए हैं, जिनमें श्रद्धालु खेतड़ी एवं मूर्तियों को सम्मानपूर्वक डाल सकते हैं। इसके साथ ही रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के







कार्यालयों के पास भी दो ड्रम रखवाए गए हैं, जहां स्थानीय नागरिक इस सामग्री को जमा कर सकते हैं। निगम द्वारा इन ड्रमों से सामग्री एकत्र कर, खेतड़ी को खाद में परिवर्तित किया जाएगा तथा मूर्तियों को विधिवत खड्डों में दबाकर, पानी भरकर धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विसर्जित किया जाएगा। आज इस अभियान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण केशव पुरम जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा (एडवोकेट) ने संबंधित अधिकारियों के साथ किया। उन्होंने नागरिकों के उत्साह एवं सहयोग की सराहना की और कहा कि यह पहल न केवल हमारी आस्था के सम्मान की दिशा में है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अभियान को क्षेत्र की आरडब्ल्यूए का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है, जिन्होंने सक्रिय रूप से सहयोग करते हुए नागरिकों को जागरूक किया। श्री वर्मा ने कहा कि यह एक छोटी शुरूआत है जो आने वाले समय में एक बड़े अभियान का रूप ले सकती है।

# भारतीय जनता पार्टी के राज में देश में हो रहा है विकास: साहिल वासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेता** साहिल वासन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। भाजपा राज में देश में विकास ही विकास हो रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि अब दिल्ली में भी भाजपा की सरकार है, अब दिल्ली में भी विकास होगा,अब दिल्ली की जनता को भी सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि देश की जनता भाजपा की नीतियों व कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। क्योंकि भाजपा ने शहर और ग्रामीण दोनों



ही जगहों में विकास ही विकास करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि राजधानी दिल्ली में शासित भाजपा सरकार ने जो बजट पेश किया है, वह दिल्ली की जनता के हित में है, जिससे दिल्ली की जनता खुश है और भाजपा के कार्यों की सराहना कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की मदद कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद अब दिल्ली की जनता को समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। अब जनता को सुविधाएं मिलेगी।

उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में उपचुनाव होने वाले है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि उपचुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा।

# नरेला: रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रामनवमी के पावन** अवसर पर देशभर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद ने रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को शोभा यात्रा निकालने के लिए रेलवे रोड़ स्थित लाला नंदीमल धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में शोभा यात्रा की तैयारियों, मार्ग निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था और भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गई। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने इस पर्व को धूमधाम से मनाने और भक्तों को संगठित करने की योजना बनाई। यह आयोजन श्रीराम के जन्मोत्सव को भव्यता के साथ





मनाने और हिंदू समुदाय में उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। मंच संचालन उत्तरी विभाग सह मंत्री मनोज बंसल ने किया। बैठक में शामिल पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को शुरू करने का निर्णय लिया। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि शोभा यात्रा शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण तरीके से संपन्न हो। बैठक में निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा रविवार को सुबह मुख्य बाल्मीकि मंदिर पाना उद्यान से शुरू होगी और पंडित राजेंद्र चक्की, विजय चौक, पाना पापोसिया, पाना मामूरपुर, खत्री मेडिकल स्टोर, मंगला चौक, नई बस्ती गुरुद्वारा आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस राम कुटी मंदिर बवाना रोड नरेला पर समाप्त होगी। इस दौरान भगवान राम की झांकी, भक्ति संगीत और पारंपरिक नृत्य शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिसमें मार्ग निर्धारण,भगवा झंडों से सजावट, और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था शामिल है। विश्व हिंदू परिषद उत्तरी विभाग सहमंत्री मनोज बंसल ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि "रामनवमी का यह पर्व हम सभी के लिए आस्था और एकता का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल हों और भगवान राम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता, उत्तरी विभाग अध्यक्ष नरसिंह सहरावत, उत्तरी विभाग मंत्री राजेश कुमार, उत्तरी विभाग सह मंत्री मनोज बंसल, नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग, नरेला जिला मंत्री कंदर गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में चाइल्ड हेल्पलाइन की 18 नई यूनिट शुरू करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और सहायता को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कई सराहनीय कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सेवा को और सशक्त करते हुए योगी सरकार ने इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। योगी सरकार प्रदेश चाइल्ड हेल्पलाइन के नौ नए रेलवे स्टेशन व नौ नए बस स्टैंड यूनिट की जल्द ही शुरूआत करने जा रही है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से चाइल्ड हेल्पलाइन मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत

**व्यापक**

**8 सशक्त करते हुए योगी सरकार ने इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए व्यापक कदम उठाए**

संचालित इस योजना के तहत बच्चों को 24 घंटे सक्रिय सहायता प्रदान की जा रही है। अभी तक चाइल्ड हेल्पलाइन में राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम, समस्त जनपदों में 75 चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट और 19 रेलवे स्टेशन यूनिट व 2 बस स्टैंड यूनिट संचालित हैं। यह कदम बच्चों को त्वरित सहायता और सुरक्षा प्रदान करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। योगी



सरकार ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा को और प्रभावी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 24 घंटे सक्रिय सहायता प्रदान करने वाली यह सेवा बच्चों के लिए संकट के समय एक मजबूत सहारा बन चुकी है जो यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी बच्चा संकट में अकेला न रहे। इसके साथ ही, 19 रेलवे स्टेशन यूनिट और दो बस स्टैंड यूनिट की स्थापना ने उन बच्चों को भी सुरक्षा का आलम प्रदान किया है, जो यात्रा के दौरान जोखिम में होते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन के विस्तार में भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार इसे प्रभावी रूप से लागू किया है। महिला एंव बाल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार ने 9 नई रेलवे स्टेशन यूनिट और 9 नई बस स्टैंड यूनिट को स्वीकृति प्रदान की है। इन नई यूनिट्स को क्रियाशील करने की जिम्मेदारी भी शुरू कर दी गई है, जिससे चाइल्ड हेल्पलाइन की पहुंच और व्यापक होगी। यह कदम उन बच्चों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित स्थिति में पाए जाते हैं। संकट में फंसे बच्चों को त्वरित सहायता, परामर्श, और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने में चाइल्ड हेल्पलाइन ने अहम भूमिका निभाई है। चाइल्ड हेल्पलाइन का उद्देश्य असुरक्षित बच्चों को तुरंत मदद देना है। यह सेवा 24 घंटे सक्रिय रहकर पुलिस सहायता, चिकित्सा, आश्रय, कानूनी मदद, भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करती है। कोई भी बच्चा, कहीं से भी, किसी भी समस्या के लिए 1098 पर कॉल कर सकता है। यह बच्चों को परिवार या समाज से जोड़ने में भी मदद करती है।

# महाअष्टमी पूजा के साथ श्रद्धालुओं ने मां अन्नपूर्णा,मंगला गौरी के दरबार में लगाई हाजिरी

## सुहागिन महिलाओं ने देवी को नारियल और अड़हुल फूल की माला के साथ सुहाग की सामग्री समर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः वासंतिक** चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ की नगरी शनिवार को महाअष्टमी पूजा के साथ आदिशक्ति की आराधना में आकंठ डूबी रही। नवरात्र के आठवें दिन श्रद्धालुओं ने नवगौरी के दर्शन में मंगला गौरी और नवदुर्गा के दर्शन के क्रम में महागौरी मां अन्नपूर्णा के दरबार में पूरे श्रद्धा के साथ हाजिरी लगाई और विधि विधान से दर्शन पूजन किया। महागौरी मां अन्नपूर्णा के दरबार में आधी रात के बाद से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर के समीप



स्थित माता अन्नपूर्णा के मंदिर में पीठाधीश्वर महंत शंकरपुरी महाराज ने भोर में देवी के विग्रह को पंचामृत स्नान कराकर विधिपूर्वक श्रृंगार किया। विग्रह को नवीन वस्त्र, आभूषण और अड़हुल के 108 फूलों वाली माला से अलंकृत किया गया। इसके पश्चात महंत ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य मां अन्नपूर्णा की महाआरती की।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस समेत मुरादाबाद को मिलेगी पंद्रह 15 नई एम्बुलेंस

**मुरादाबाद**

**तीन** एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस समेत मुरादाबाद को शीघ्र ही पंद्रह नई एम्बुलेंस मिलेगी। इनमें से एक एएलएस मुरादाबाद पहुंच चुकी है, जबकि तीन सामान्य एम्बुलेंस आई हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि जरूरत वाले एम्बुलेंस के तय रेस्पांस टाइम में पहुंचने के लिए स्टाफ को निर्देशित किया गया है।

वर्तमान में मुरादाबाद में 30 सामान्य व 3 एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली एम्बुलेंस चल रही हैं। इनमें से कई गाड़ियां साढ़े चार लाख किलोमीटर चलने का मानक पूरा कर चुकी हैं। ऐसे में विभाग ने इन्हें बदलने के लिए डिमांड भेजी थी। अब तक जिले में जो नई एम्बुलेंस आई हैं, उनके रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है। जल्द ही शेष 11 एम्बुलेंस भी मुरादाबाद पहुंचेगीं। सभी का रजिस्ट्रेशन व अन्य मानक पूरे करने के बाद इन्हें ऑनरोड किया जाएगा। इससे दुर्घटना व प्रसव की स्थिति में लोगों को जिला अस्पताल पहुंचने में बहुत आसानी होगी।

### अजुन नाथ के विंध्यवासिनी धाम पहुंचने पर लगे सीएम योगी-योगी के नारे

**मीरजापुर**

**मां** विंध्यवासिनी धाम में शनिवार को उस वक्त अजब नजारा देखने को मिला जब लोग समझ बैठे कि खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शन के लिए पहुंचे हैं। भीड़ उमड़ पड़ी, सुरक्षा कर्मियों की खोज शुरू हो गई और लोग 'योगी-योगी' नारे लगाने लगे। हकीकत कुछ और ही निकली। असल में यह थे वाराणसी के अर्जुननाथ, जो हूबहू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह दिखते हैं। नवरात्र के अवसर पर दर्शन के लिए आए अर्जुन नाथ का भगवा वस्त्र, योगी जैसी ही कद काठी और चाल-ढाल ने ऐसा समां बांधा कि लोग भ्रमित हो गए। भक्तों का कहना था कि जब तक उन्होंने पास जाकर बात नहीं की, उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि वह असली योगी नहीं हैं। योगी की एक झलक पाने को लोग सेल्फी की होड़ में जुट गए। धाम परिसर कुछ समय के लिए चर्चा और कौतूहल का केंद्र बन गया। अर्जुन नाथ ने मां विंध्यवासिनी के चरणों में मत्था टेकते हुए कहा कि मेरी यही कामना है कि 2027 में योगी आदित्यनाथ दोबारा मुख्यमंत्री बनें और आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बनें।

### लखनऊ में खाली प्लॉट पर बना दी गयी कब्र, पीड़ित ने लगायी गुहार

**लखनऊ**

**लखनऊ** में मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गांव पुरसैनी में एक खाली प्लॉट पर कब्र बना दी गयी। प्लॉट मालिक को इसकी जानकारी हुई तो उसने कब्र बनाने वालों से बातचीत की कोशिश की। मामला नहीं सुलझा। इसके बाद पीड़ित ने प्रशासन एवं मोहनलालगंज थाने पर गुहार लगायी। फिर भी पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित पक्ष के सुधांशु ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके प्लॉट (खसरा संख्या 1443) पर कब्र देखकर वे सभी हक्का बक्का रह गये। मालूम करने पर पता लगा कि ये कब्र गांव के ही गुलफाम और दऊवा ने बनायी है। प्लॉट में घुसने के लिए पहले उन्होंने दीवार गिरा दी और चुपके से कब्र बना दिया। समूचे घटनाक्रम को देखते हुए उन्होंने पहले तो तहसील में गुहार लगायी। फिर वे पुलिस थाने भी गये, ?लेकिन दोनों जगहों पर न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली से भी उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाने की कोशिश की। वहां से मेरी शिकायत को सिविल मामला बताते हुए पुलिस के पास जाने को कह दिया गया। मोहनलालगंज थाने की पुलिस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। मोहनलालगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों की बातों को सुना और तत्काल कार्रवाई करायी जाती है। प्लॉट पर कब्र से संबंधित पुलिस चौकी के चौकी इंचार्ज गुड्डू प्रसाद है। उनसे वार्ता कर तत्काल मौके पर पहुंचने के लिए कहा जायेगा। अवैध रूप से कब्र बना हुआ पाए जाने पर कार्रवाई करायी जाएगी।

### संगठन मंत्री जफर नकवी ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**लखनऊः सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संगठन मंत्री जफर नकवी ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जफर नकवी ने इस संबंध में शनिवार को पत्र जारी किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पार्टी नेता एवं अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की मुस्लिम विरोधी नीतियों एवं इमामबाड़ों पर दिए जा रहे उनके बयानों से आहत हैं। उनके इन बयानों को देखते हुए मैं सुभासपा के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का कार्य वापस ले लें। केवल अपने ही समाज के लोगों को बढ़ाने का आरोप लगाया है।

# तीन साल में यूपी से खत्म कर देंगे गरीबी: योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाराजगंजः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर महाराजगंज पहुंचे। उन्होंने रोहिन बैराज के लोकार्पण सहित 654 करोड़ रुपये की 629 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। योगी ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने संकल्प लिया कि अगले 3 साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हाल ही में देश की संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है। इससे वक्फ के नाम पर



जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा। सरकारी संपत्ति का उपयोग विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बैराज और आवास निर्माण जैसे जनकल्याणकारी कार्यों में होगा। योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

**नंबर एक**

**8 संकल्प लिया कि अगले 3 साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में रोहिन नदी पर बैराज के लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बैराज से 16 हजार अन्नदाता किसानों और 5400 हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। यह बैराज मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। रोहिन नदी का पानी मीठा है और यह नेपाल से गोरखपुर तक बहती है। इस बैराज से किसानों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। उन्होंने रोहिन बैराज के बारे में कहा कि 25 साल से इसकी मांग थी, लेकिन पहले की सरकारें अपने परिवार की जेब भरने और जमीन की लूट में व्यस्त थीं। अब यह बैराज बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इसके आसपास वॉटर बॉडी, पर्यटन, नौकायन और रेस्टोरेंट बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में बनी परियोजना को पूरा होने में 49 साल लग गये, वो भी तब पूरा हुआ जब भाजपा की सरकार आई।

# स्विमिंग पूल संचालक को डुबाकर मारने की कोशिश, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः प्रेमनगर** थाना क्षेत्र में एक स्विमिंग पूल संचालक को कुछ मनबढ़ लोगों ने पूल में डुबो-डुबोकर जान से मारने का प्रयास किया। उसे बचाने आए कर्मचारियों को भी मनबढ़ों ने खूब पीटा। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले का वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने स्विमिंग पूल मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। प्रेमनगर थाना इलाके के हंसारी निवासी शिकायकर्ता निपुण राय उर्फ अमित राय ने पुलिस को

**केस**

**8 यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले का वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई।**

बताया कि उनका शिवगंगा हेवन के नाम से स्विमिंग पूल है। शुक्रवार की शाम वह अपने स्विमिंग पूल पर बैठा था। तभी नशे की हालत में हंसारी निवासी अरमान उर्फ भूरा यादव अपने साथी अमन यादव उर्फ धीरज, राजगढ़ निवासी राहुल यादव व अन्य लोग स्विमिंग करने पहुंचे। नशे में स्विमिंग पूल में नहाने से जब उन्होंने मना किया गया तो उन लोगों ने उस पर लात-घूंसे और थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। जान से मारने की नीयत से स्विमिंग पूल में फेंका गया।

स्विमिंग आने की वजह से उसने किसी तरह दूसरी तरफ से निकलकर अपनी जान बचाई। अन्य कर्मचारी जब उसे बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की। इस बीच पुलिस को फोन लगाया तो सभी हमलावर मौके से भाग गए।

### मीटर लगने के विरोध में एक्सईएन से मिले बिजली विभाग के पेंशनर्स

**मुरादाबादः बिजली** विभाग के कर्मचारियों व पेंशनर्स के आवासों पर मीटर लगाए जाने का विरोध जारी है। पुराना आरटीओ स्थित विद्युत परीक्षण खंड प्रथम (ग्रामीण) कार्यालय में शनिवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने मीटर परीक्षण के अधिशासी अभियंता के सामने अपनी बात रखी। पेंशनर्स के आवासों पर मीटर लगाए जाने व विद्युत व्यवस्था के निजीकरण का पुरजोर विरोध किया। अधिशासी अभियंता संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि वह उनकी बात उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएंगे।

# जालौन में लगाया गया देश का पहला पिवोट प्लांट



**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौनः प्रदेश सरकार** के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व उद्यान राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह शनिवार को जालौन पहुंचे यहां पर उन्होंने रगोली गांव में स्थापित पिवोट प्लांट सिस्टम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यह प्लांट किसानों के लिए काफी फायदेमंद होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार बुंदेलखंड को लेकर लगातार नई-नई योजनाओं को स्थापित कर लोगों को मजबूत करने का काम कर रही है। बता दें कि उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए नई पद्धतियों का उपयोग किया जा रहा है। जालौन जिले में देश का पहला पिवोट प्लांट लगाया गया है, प्रदेश में सबसे सबसे जालौन जिले में इसे स्थापित किया गया है। जो पानी की समस्या का निदान करने में मदद करेगा। यह प्लांट 30 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की

**उपयोगी**

**8 बुंदेलखंड में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए नई पद्धतियों का उपयोग किया जा रहा**

सुविधा प्रदान करेगा और कम पानी में अधिक फसल उगाने में मदद करेगा। यह प्लांट पत्तियों से होकर जड़ों तक पानी पहुंचाने में मदद करेगा। यह सिंचाई की सबसे आधुनिक पद्धति है, जो हिंदुस्तान में पहली बार जालौन जिले में शुरू की गई है। इस प्लांट को राज्य के सभी जिलों में ले जाने की योजना है।

कम पानी में अधिक फसल उगाने का लाभ किसानों को मिलेगा। यह सामुदायिक सिंचाई परियोजना है इसमें कई किसान एक साथ लाभान्वित होंगे। 30 हेक्टेयर के दायरे में इसे स्थापित किया गया है और यह एक फसल को ज्यादा लाभ पहुंचाएगा।

# भागवत ने किया काशी विश्वनाथ का अभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत काशी प्रवास के तीसरे दिन शनिवार को काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ और काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के दरबार में पहुंचे। संघ प्रमुख ने काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बैठ कर बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का मंत्रोंच्चार के बीच अभिषेक किया। मंदिर के पुजारियों ने संघ प्रमुख को विधि विधान से बाबा का दर्शन पूजन कराया। संघ प्रमुख ने विश्वनाथ धाम का भी भ्रमण किया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे।



संघ प्रमुख इसके बाद कालभैरव मंदिर में पहुंचे और बाबा के विग्रह की विधिवत आरती उतारी। इस दौरान मंदिर और कालभैरव मार्ग पर सुरक्षा की किलेबंदी की गई थी। दर्शन पूजन के दौरान संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल, काशी प्रांत प्रचारक रमेश व अन्य पदाधिकारियों के साथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण ,पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल भी मौजूद रहे। यहां के बाद संघ प्रमुख तुलसीपुर महमूरगंज स्थित निवेदिता शिक्षा सदन में लौटे। यहां वे प्रबुद्धजन संग भी अलग-अलग बैठक कर संवाद करेंगे।

छह अप्रैल को संघ प्रमुख मलदहिया लाजपत नगर जाएंगे और शाखा में शामिल होंगे। इसके बाद शहर के प्रबुद्धजनों से मिलेंगे। शाम को प्रांत टोली के साथ बैठक होगी। सात अप्रैल को लखनऊ के लिए प्रस्थान करने से पहले काशी प्रांत के अनुभवी कार्यकताओं की टोली के साथ बैठक कर उनका मार्गदर्शन देंगे। इसके बाद प्रांत टोली के साथ भी बैठक कर सकते हैं।

# यूपी में एक वर्ष के भीतर 230 लाख राजस्व मामले निस्तारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः राज्य** सरकार की सख्ती पर प्रदेश में राजस्व वादों के निस्तारण में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है। एक साल (एक अप्रैल-24 से चार अप्रैल-25) तक 230.8 लाख वादों का निस्तारण किया गया, जिसका अनुपात 95.37 प्रतिशत रहा है। जो अप्रैल 2024 तक (92.80फीसद) की तुलना में 2.57 प्रतिशत अधिक है। राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में वाराणसी, गोण्डा और संतकबीरनगर ने बाजी मारी है।

मुख्य सचिव हर माह राजस्व वादों के मामलों को लेकर समीक्षा बैठक करते हैं। हाल ही में राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा में सामने आया




कि एक अप्रैल 2024 तक कुल लंबित वादों की संख्या 15.1 लाख थी, जो घटकर चार अप्रैल 2025 को 11.2 लाख रह गई। यह 3.9 लाख वादों की कमी को दर्शाता है। इसके अलावा एक वर्ष से कम समय से लंबित वादों में 80 हजार, दो वर्ष से अधिक में 1.6 लाख, तीन वर्ष से अधिक में 80 हजार और पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों में 70 हजार की कमी आई है। वाराणसी ने पिछले एक साल में 5,31,406 मामलों को निस्तारण कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसको अनुपात 97.76 प्रतिशत है।

**भूमिका**

**8 डिजिटल रिकॉर्ड मैनेजमेंट और जिलाधिकारियों की निगरानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है**

इसी तरह गोण्डा ने 4,65,279 मामलों का निस्तारण कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसका अनुपात 97.27 प्रतिशत है। संतकबीरनगर ने 1,99,246 मामलों को निस्तारित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जिसका अनुपात 95.77 प्रतिशत है। इसके अलावा जौनपुर ने चौथा और प्रतापगढ़ ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। लखनऊ में जहां पिछले वर्ष अप्रैल-24 तक 8,11,132 मामलों का निस्तारण हुआ हैं। वहीं चार अप्रैल-2025 तक 9,73,838 वादों का निस्तारण किया गया, यानी 1,62,706 अधिक मामलों का निस्तारण किया गया है।। इसी तरह प्रयागराज ने चार अप्रैल-25 तक 7,06,163 वादों और गोरखपुर में 6,12,871 मामलों का निस्तारण किया गया। सरकार की प्राथमिकता का ही असर है कि मामलों के निस्तारण से न्यायिक प्रक्रिया में लोगों अनुरूप राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण में पारदर्शी प्रक्रिया, ई-गवर्नेंस, डिजिटल रिकॉर्ड मैनेजमेंट और जिलाधिकारियों की निगरानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# वक्फ धार्मिक मामला, सरकारी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं: दारुल उलूम

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुरः संसद** में वक्फ संशोधन विधेयक पास होने पर इस्लामिक जगत में अहम स्थान रखने वाले मदरसा दारुल उलूम ने भी कड़ी प्रतिक्रया व्यक्त की है। देवबंद दारुल उलूम के मोहतमिम (कुलपति) मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा है कि यह मुस्लिम समुदाय के साथ एक धोखा है। वक्फ वक्फ मुसलमानों का धार्मिक मामला है, जिसमें सरकारी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता।

देवबंद में शुक्रवार की देर रात को पत्रकारों से बात करते हुए मोहतमिम ने कहा कि इस तरह के मामलों को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह एक तरह से मुस्लिमों के साथ बड़ा धोखा है। इससे पहले जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने विधेयक पास होने पर धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। यह विधेयक संविधान पर सीधा हमला है। जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के दूसरे गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार संख्या बल पर इसे पारित कराने में सफल रही है।

**प्रतिक्रि?ा**

**8 इस्लामिक जगत में अहम स्थान रखने वाले मदरसा दारुल उलूम ने भी कड़ी प्रतिक्रया व्यक्त की है**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### उत्तरकाशी में फिर डोली धरती, दहशत में आए लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में शनिवार सुबह 10 बजकर 37 मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होने पर लोग घरों से बाहर निकले। वहीं जिले के अन्य तहसील अन्तर्गत भूकंप महसूस नहीं हुआ। इधर जिला आपदा परिचालन केन्द्र ने बताया कि भूकंप की तीव्रता कम थी। गौरतलब है कि उत्तरकाशी जनपद में 1991 में भूकंप से सब बड़ी तबाही हुई थी। इसके साथ ही कई लोगों के मकान ध्वस्त हुए थे।

### जोधपुर -चेन्नई के बीच नई ट्रेनें प्रारंभ करने का अनुरोध

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** केन्द्रीय संस्कृति एवम् पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर जोधपुर-चेन्नई के बीच नई ट्रेनें प्रारंभ करने का पुनः अनुरोध किया है। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने उन्हें इससे मारवाड़ क्षेत्र के वासियों को होने वाले अनेक लाभों से अवगत कराया है। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बताया कि नई ट्रेनों के संचालन से जोधपुर, पाली, जालौर और सिरोही के वासियों को दक्षिण भारत में व्यापार और रोजगार में आसानी होगी। रेल मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत के आग्रह पर विचार करते हुए शीघ्र इस दिशा में प्रक्रिया अंतर्गत कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया है।

### 18 पार्टी नेताओं को मिला दायित्व

**टीम एक्शन इंडिया**

देहरादून। धामी सरकार ने शुक्रवार देर रात दायित्वों की दूसरी सूची जारी कर दी है। भाजपा के 18 और पदाधिकारियों को विभिन्न परिषद, आयोग व समितियों में दायित्व दिया गया है। इससे पहले 01 अप्रैल (मंगलवार) को पहली सूची में 20 नेताओं को दायित्व सौंपे गए। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बलवीर घुनियाल को उपाध्यक्ष, जड़ी-बूटी सलाहकार समिति, सुरेन्द्र मोघा को उपाध्यक्ष, उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड, भुवन विक्रम डबराल को उपाध्यक्ष, जड़ी-बूटी सलाहकार समिति, सुभाष बर्थवाल को उपाध्यक्ष, राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद का दायित्व सौंपा है। इसके अलावा पुनीत मित्तल को उपाध्यक्ष, नगरीय पर्यावरण संरक्षण परिषद,गिरीश डोभाल को उपाध्यक्ष, प्रदेशीय मौन परिषद, जयपाल को उपाध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति।

# अन्नदाता का हित सर्वोपरि: सीएम योगी

**प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, फसलों को आग से बचाने का हो युद्धस्तरीय प्रयास,**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रबी सीजन में तैयार फसल को अगलगी की घटनाओं से बचाने के लिए युद्ध स्तरीय प्रयास किए जाएं। हमारे लिए अन्नदाता किसानों का हित सर्वोपरि है। फसल में अगलगी की किसी भी घटना का पता लगते ही, आग पर काबू पाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। पूर्व से कार्यरत फायर स्टेशनों के साथ ही क्षेत्र विशेष के अनुसार सीजनल फायर स्टेशन भी चौबीसों घंटे क्रियाशील रखे जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**आग से जिनकी क्षति हुई उनको तुरंत दें मुआवजा**

गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री शनिवार को दोपहर में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में



बैठक के दौरान सीएम योगी ने जिले में फसलों को आग लगने से हुए नुकसान की जानकारी ली और कहा कि जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उन्हें शासन द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुरूप क्षतिपूर्ति तत्परता से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसान दिनरात परिश्रम करके फसल उपजाते हैं। उनके फसलों की सुरक्षा में हरसंभव मदद होनी चाहिए और यह सरकार की प्राथमिकता भी है। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल तैयार होते ही गर्मी और तेज हवाओं के कारण आग लगने की आशंका बढ़ जाती है। आग से फसलों के बचाव के लिए किसानों को जागरूक करने के साथ आग लगने पर उससे होने वाली हानि को रोकने के लिए त्वरित इंतजाम होने चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए जिले में की गई तैयारी की भी जानकारी ली।

**युद्धस्तर पर**

**8 रबी सीजन में तैयार फसल को अगलगी की घटनाओं से बचाने के लिए युद्ध स्तरीय प्रयास किए जाएं**

उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आकस्मिक स्थिति में तत्काल फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच सकें। इस पर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने उन्हें बताया कि जनपद में मुख्यालय गोलघर के अलावा गीडा, बांसगांव, गोला और चौरीचौरा में अस्थाई अग्निशमन केंद्र संचालित है। यहां सभी आवश्यक उपकरणों के इंतजाम है। इसके अलावा कैंपियरगंज, खजनी, उरुवा, बड़हलगंज और गुलरिया में सीजनल फायर स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं। इन सीजनल फायर स्टेशनों पर वाटर टेंडर, वॉटर मिस्ट और सभी जरूरी उपकरणों की व्यवस्था है। इस पर संतोष व्यक्त करने के साथ मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की तैयार फसल की खरीद हेतु सभी व्यवस्थाओं की भी निगरानी करते रहें। बैठक में मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस और प्रशासन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी मंदिरों में साफ सफाई और प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रामनवमी की तिथि वासंतिक नवरात्रि की अंतिम तिथि होती है। इस दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ अपेक्षाकृत अधिक होती है, इसलिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

## राज्यपाल ने किया गार्गी नारीशक्ति चौटबॉट का लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने गार्गी नारीशक्ति चौटबॉट का औपचारिक लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित यह चौटबॉट महिलाओं को कानूनी सहायता, करियर परामर्श, वित्तीय साक्षरता, सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सहायता प्रदान करेगा, यह एप्लिकेशन प्ले स्टोर पर उपलब्ध रहेगा। दुर्गा अष्टमी के दिन राज्यपाल ने पूरे विधि-विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि नवरात्रि के इस पावन अवसर पर गार्गी चौटबॉट जैसे अभिनव तकनीकी पहल को मातृशक्ति को समर्पित कर रहे हैं। यह पहल नारी सशक्तीकरण को गति देने वाली है और उत्तराखण्ड की महिलाओं को डिजिटल माध्यम से सशक्त बनाएगी। राज्यपाल ने गार्गी नारीशक्ति चौटबॉट को डिजिटल युग में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## दिसम्बर तक बजट का 80 प्रतिशत तक खर्च किया जाए: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने माह दिसम्बर तक बजट का 80 प्रतिशत तक खर्च करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के हिसाब से बजट प्राप्ति और खर्च की सचिव अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करें। राज्य के समावेशी विकास के लिए नये संसाधन जुटाने की दिशा में प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में वित्त विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर माह मुख्य सचिव और तीन माह में मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा करेंगे। बजट खर्च की नियमित मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए। जीएसटी कलेक्शन और बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्राप्ति की दिशा में और प्रभावी प्रयास किये जाएं। केन्द्र पोषित योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन योजनाओं में केन्द्रांश और राज्यांश क्रमशः 90 और 10 के अनुपात तथा 70 और 30 के अनुपात की योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा जाए। विभागों की ओर से बजट का ससमय और सही तरीके से उपयोग हो इसके लिए नियोजन विभाग और वित्त विभाग अन्य विभागों के साथ नियमित बैठक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की



**आर्थिक व्यवस्था**

**8 बजट खर्च की नियमित मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए: सीएम धामी**

आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजना पर कार्य किया जाए। आगामी 10 सालों और 2050 में राज्य की गोल्डन जुबली वर्ष तक राज्य की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए। नवाचार और एआई की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के साथ मानव संसाधन की क्षमता विकास, शिक्षा स्वास्थ्य और खेल में निवेश करना होगा। सरकार की

## कांग्रेस शुरू करेगी 'डॉ. मनमोहन सिंह फेलोशिप कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपने आधार विस्तार के दूरगामी लक्ष्य के साथ ही गैर सियासी पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली पेशेवर लोगों के लिए राजनीति में आने का रास्ता खोलते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के तहत हर साल 50 मिड-करियर पेशेवरों को चुना जाएगा जो सीधे-सीधे कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के मार्गदर्शन में अपने-अपने विषयों पर काम करेंगे। कांग्रेस ने साफ कहा है कि यह फेलोशिप अल्पकालीन नहीं बल्कि पूर्णकालिक सियासत में पेशेवर लोगों के आने और राजनेता बनने का सीधा दरवाजा होगा।



**कांग्रेस ने की कार्यक्रम की शुरूआत**

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इसकी शुरूआत किए जाने पर कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम के लिए मिड-करियर पेशेवरों से हमारा आह्वान है कि वे सार्वजनिक जीवन में कदम रखें। ईमानदारी से नेतृत्व करें और एक प्रगतिशील और समावेशी भारत के निर्माण में मदद करें। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोग अपनी शक्ति राजनीति में लाएं। कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पवन खेड़ा, प्रवीण चक्रवर्ती तथा के राजू की ओर से इसे आधिकारिक रूप से लॉन्च किए जाने के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से मनमोहन सिंह फेलोशिप के लिए बनाई गई वेबसाइट का लिंक आवेदन के लिए साझा भी किया। पंडित मोतीलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक पेशेवर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर देश के निर्माण में उनकी भूमिका का कांग्रेस का बेजोड़ इतिहास रहा है।

**प्रतिभाशाली**

**8 हर साल पूर्णकालिक राजनीति के लिए पार्टी 50 मिड-करियर पेशेवरों का करेगी चयन**

## वक्फ बोर्ड अध्यक्ष का पुतला फूंकने वाले प्रदर्शनकारी पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के विरोध में पीपल चौक, पिरान कलियर में किए गए पुतला दहन को लेकर हरिद्वार पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। पुलिस को 4 अप्रैल को सूचना मिली थी कि कुछ स्थानीय लोग वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का पुतला फूंक रहे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पिरान कलियर पुलिस टीम ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन एक युवक मुन्तहीद पुत्र महमूद हसन (निवासी मुकर्रबपुर, उम्र 25 वर्ष) पुलिस पर रौब जमाने की कोशिश करते हुए उग्र हो गया।

## स्वर्णकार समाज सदैव मेहनती वाला समाज रहा है: सीएम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया और उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के पूर्व अधिकारी, व्यापारी, भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा स्वर्णकार समाज सदैव मेहनती और विश्वास करने वाला समाज रहा है। जहां आज परिवारों में एक दूसरे पर विश्वास नहीं है वहां स्वर्णकार समाज पर लोगों का भरोसा है। अपना सोना-चांदी पैसा सिर्फ विश्वास पर लोग दे देते है और आर्थिक मजबूरी में भी स्वर्णकार समाज सबसे पहले याद आने वाला समाज है। मुख्यमंत्री ने कहा आर्थिक असमानता आज कल हर जगह दिखाई देती है इसको खत्म करने की जरूरत है। बीकानेर भाजपा जिला मंत्री व मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने सीएम को मां करणी का चित्र भेंट किया। स्वर्णकार समाज प्रतिनिधि मंडल ने स्वर्णकला बोर्ड गठन करने की मांग रखी जिससे समाज को सामाजिक और आर्थिक बल मिलेगा। इसके साथ छोटे कारीगरों को कम ब्याज दर पर राज्य सरकार द्वारा ऋण दिलाने की बात कही।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पौधारोपण करते हुए।




**तैयारी** एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने यहां आ चुके हैं

## मालवा-बुंदेलखण्ड के प्रवेश द्वार पर पीएम के आगमन से अनेक जनअपेक्षाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश का अशोकनगर जिला अपनी कई खूबियों को लेकर प्रसिद्ध है। मालवा और बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार पर बसे इस जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां हैं, एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने यहां आ चुके हैं। अपनी कई खूबियों, धार्मिक, पर्यटन, ऐतिहासिकता को बटोरने के बावजूद ये जिलारोजगार, उद्योग, आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछड़े जिले के रूप में शुमार है। आगामी 11 अप्रैल को



प्रधानमंत्री मोदी के जिले के ईसागढ़ कस्बा अंतर्गत श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम आगमन को लेकर आमजन में उत्सुकताएं हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री मोदी का श्री आनंदपुर आगमन, दिल्ली की नवगठित सरकार को बनने को लेकर कारण सामने आ रहे हैं, पर मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो यहां आकर इतिहास लिख रहे हैं। उनके आगमन को लेकर जहां श्री आनंदपुर पहुंचने पर उनकी इस यात्रा को धार्मिक यात्रा के रूप में देखा जा रहा है, पर प्रधानमंत्री का जिस जिले में आगमन हो वहां उनके द्वारा कोई बड़ी विकासात्मक सौगात की संभावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। यहां आवागमन के क्षेत्र में देखें तो अशोकनगर देश की मुख्यधारा दिल्ली, मुंबई बड़े महानगरों से सडक और रेल लाइन से कटा हुआ है। इस लिहाज से यहां न कोई उद्योग और न कोई रोजगार के साधन, युवा पलायन करने मजबूर है।